दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

द्वारका में स्कूबा डाइविंग...



श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे PM






द्वारका नगरी में प्रार्थना...



पीएम बोले... दिव्य अनुभव



# गहरे पानी में भगवान श्रीकृष्ण को किया प्रणाम

## पीएम मोदी ने लगाई आस्था की डुबकी... समुद्र में डूबे द्वारका के किए दर्शन

**एजेंसी** | अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात दौरे के दौरान अपने उस सपने को पूरा किया जिसकी चाह उन्हें दशकों से थी। गुरुवार को उन्होंने न केवल सुमद्र में आस्था की डुबकी लगाई बल्कि उस स्थान पर जाकर प्रार्थना भी की, जहां माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण की लीलाएं समाप्त होने के बाद प्राचीन द्वारका शहर पानी में डूब गया था। पीएम मोदी ने द्वारका जिले के पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और समुद्र के नीचे द्वारका में पूजा भी की। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के चरणों में उनकी सबसे प्यारी चीज मोर पंख भी भेंट किया। इन दिव्य पलों का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह मोर पंखों के साथ पानी के अंदर जाते नजर आ रहे हैं और फिर उन्हीं मोर पंखों को भगवान कृष्ण के चरणों में भेंट कर हाथ जोड़कर नमन करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी पानी के अंदर ही ध्यान लगाते भी नजर आए।

### दशकों पुराना सपना आज हुआ पूरा: पीएम

पीएम मोदी ने अपने इस अनुभव को साझा करते हुए कहा कि आज मैंने जिन क्षणों का अनुभव किया वे सदैव मेरे साथ रहेंगे। मैं समुद्र की गहराई में गया और प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन किए। पानी के अंदर छिपी द्वारका नगरी के बारे में पुरातत्वविदों ने बहुत कुछ लिखा है। हमारे धर्मग्रंथों में भी द्वारका के बारे में कहा गया है कि यह सुंदर द्वारों और दुनिया की चोटी जितनी ऊंची इमारतों वाला शहर था। इस नगर का निर्माण स्वयं भगवान कृष्ण ने किया था। पीएम मोदी ने कहा, जब मैं समुद्र की गहराई में गया तो मुझे दिव्यता का अनुभव हुआ। मैंने द्वारकाधीश के सामने सिर झुकाया। मैं अपने साथ एक मोर पंख ले गया और उसे भगवान कृष्ण के चरणों में रख दिया। मैं हमेशा वहां जाने और प्राचीन द्वारका शहर के अवशेषों को छूने के लिए उत्सुक था। मैं आज भावनाओं से भरा हुआ हूं। दशकों पुराना सपना आज पूरा हो गया।

## जरूरी खबर

### बिहार: भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत



**पटना**। बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और एनएचएआई की टिम शव को बाहर निकलवाने और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रही स्कॉर्पियो जैसे ही मोहनिया एनएच-2 के पास देवकली गांव के समीप पहुंची, जहां एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चली गई। फिर सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गई। जिससे स्कॉर्पियो सवार और बाइक चालक सहित कुल 9 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

### 553 अमृत भारत रेल स्टेशनों की आज नींव रखेंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की नींव रखेंगे। इन कार्यों में स्टेशन की 'रूफटॉप प्लाजा' और 'सिटी सेंटर' विकसित करना शामिल है। प्रधानमंत्री एक समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों में करीब 1,500 सड़कों पर ओवरब्रिज और अंडरब्रिज की नींव भी रखेंगे। यह 2,000 से अधिक रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थलों पर ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

## RLD विधायक के ट्वीट से गरमाई सियासत

# बदले सियासी समीकरण
## गर्ग के निशाने पर डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सरकार जाने के बाद से कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा। पूर्व सीएम अशोक गहलोत के करीबी आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग ने पीसीसी चीफ पर निशाना साधा है। गौरतलब है कि आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी के एनडीए में जाने के बाद प्रदेश में सियासी समीकरण गड़बड़ा गए। आरएलडी विधायक सुभाष गर्ग के हावभाव से लग रहा है कि जयंत चौधरी के फैसले से खुश है। हालांकि, खुलकर नहीं बोले हैं, लेकिन कांग्रेस के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए है। गर्ग ने पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को ट्वीट कर लिखा है कि डोटासराजी पहले उन लोगों के खिलाफ तो एक्शन ले लीजिए, जिन्होंने पार्टी के खिलाफ काम किया और चुनाव लड़ा। इसके बाद सुखिंदर सिंह को ट्वीट किया है कि जरा इनको भी ज्ञान दो कि कम बोला करें।



### डोटासरा ने भरतपुर में साधा था निशाना

कांग्रेस के कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के भरतपुर के राष्ट्रीय लोकदल के विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को लेकर दिए गए बयान के बाद खलबली मच गई । इसमें डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस का मान-सम्मान करने वाला ही पद पाएगा। अब असली कांग्रेस की ही चलेगी, जिसे जाना है वह जाओ। कांग्रेस किसी के दवाब में नहीं है। डॉ. सुभाष गर्ग को कांग्रेसियों ने विधायक बनाया है। डॉ. गर्ग कांग्रेस की बदौलत हैं, गर्ग की वजह से कांग्रेस नहीं है। डॉ. गर्ग के लिए भी कांग्रेस के दरवाजे बंद हो सकते हैं। यदि वह पांच साल कांग्रेस के लिए काम करेंगे तो हम उन्हें गले लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि गर्ग कहते हैं कि जयंत चौधरी ने समझौता कर लिया तो हमारा उनसे कोई वास्ता नहीं रहेगा। यहां कार्यकर्ता का सम्मान करने वाला ही सम्मान पाएगा।

### कांग्रेस-आरएलडी का गठबंधन टूटना लगभग तय!

**जयपुर**। प्रदेश में कांग्रेस और आरएलडी का गठबंधन टूटना तय है। आरएलडी के एकमात्र विधायक सुभाष गर्ग कांग्रेस के कार्यक्रमों से दूरी बना रहे हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजस्थान नें प्रवेश कर गई है, लेकिन सुभाष गर्ग ने आज जयंत चौधरी की बैठक में शामिल होकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। सुभाष गर्ग की अहमियत क्या है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जयंत चौधरी ने मीटिंग में उन्हें अपने पास ही बैठाया। साफ जाहिर है कि सुभाष गर्ग ने एनडीएम में शामिल होने के फैसले का स्वागत किया।

## कौशांबी में विस्फोट: धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़े

# पटाखा फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट मालिक समेत 9 लोगों की मौत



**एजेंसी** | कौशांबी

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में पटाखा फैक्ट्री में जबरदस्त ब्लास्ट हो गया। जोरदार धमाका के साथ लगी भीषण आग में फैक्ट्री मालिक समेत नौ लोगों की मौत हो गई।

हादसे में गंभीर रूप से झुलसे सात लोगों को को एसआरएन प्रयागराज में भर्ती कराया गया है। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुक धमाका होता रहा। सूचना पर पुलिस और प्रशासन के आला-अफसर मौके पर पहुंचे।

भरवारी कस्बा निवासी शाहिद अली (35) ने बस्ती से दूर खल्लाबाद मोहल्ले में न्यू रंगोली फायर ब्रिगेड नाम से पटाखा फैक्ट्री खोल रखी थी। वह रोजाना की तरह रविवार को भी करीब 15 मजदूरों के साथ फैक्ट्री में काम करा रहे थे। सुबह तकरीबन 11 बजे अचानक फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। तेज धमाके के साथ भीषण आग लग गई। धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

कोतवाली पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया और झुलसे मजदूरों को बाहर निकाला। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि फैक्ट्री के अंदर काम करने वाले मजदूरों के अंग दो सौ मीटर दूर तक छिटक गए।

## केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने किया पदोन्नत

# आईपीएस प्रियदर्शी और निर्वाण का DG के रूप में इंपैनलमेंट





**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भारतीय पुलिस सेवा के 9 अधिकारियों को डीजी कैडर पर पदोन्नत किया है। इनमें राजस्थान कैडर के 2 आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं। केंद्रीय कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने राजस्थान कैडर के 2 आईपीएस अधिकारियों राजेश निर्वाण एवं हेमंत प्रियदर्शी का डीजी के रूप में केंद्र में पद संभालने के लिए पैनल में शामिल करने की मंजूरी (इंपैनलमेंट) दी है। राजेश निर्वाण वर्तमान में महानिदेशक होमगार्ड और प्रियदर्शी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर के पद पर कार्यरत है।

### केंद्र ने IAS नीरज और IPS मनीष पर केस चलाने को दी मंजूरी





राजस्थान कैडर के एक आईएएस और एक आईपीएस अधिकारी के खिलाफ केंद्र सरकार ने केस चलाने की अनुमति दे दी है। आईएएस अधिकारी का नाम नीरज के. पवन है जो कि वर्तमान में बांसवाड़ा संभाग के संभागीय आयुक्त पद पर कार्यरत हैं जबकि दूसरे आईपीएस अधिकारी का नाम मनीष अग्रवाल हैं जो कि पिछले 3 साल से सस्पेंड चल रहे हैं। इन दोनों अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले लंबित थे और अभियोजन स्वीकृति के इंतजार में थे। अब केंद्र सरकार ने इन दोनों अफसरों के विरुद्ध केस चलाने की मंजूरी दे दी गई है।

## जरूरी खबर

### रजत जयंती उत्सव में विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत



**बेधड़क.जयपुर।** श्रीगुरुकृपा सत्संग मंडल त्रिवेणी धाम की ओर से स्टेशन रोड स्थित श्रीनृसिंह मंदिर श्रीनारायण धाम के रजत जयंती महोत्सव और 25वें वार्षिकोत्सव में प्रभु श्रीराम की महाआरती का आयोजन किया गया। इस महाआरती में सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि ब्रह्म पीठाधीश्वर स्वामी रामरतन देवाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में पद्मश्री विभूषित नारायण दास महाराज त्रिवेणी धाम का स्मरण किया गया।

### स्पीकर देवनानी को दिया गार्ड ऑफ ऑनर

**बेधड़क.जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एक दिवसीय यात्रा पर रविवार को बाड़मेर पहुंचे। यहां उतरलाई एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग भी उनके साथ थे। इस मौके पर बाड़मेर आगमन पर जिला कलेक्टर निशांत जैन, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा, विधायक आदूराम मेघवाल सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और अधिकारियों ने साफा पहना कर और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद देवनानी सडक मार्ग से सांचौर के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने चोहटन चौराहा पर डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मालासेरी डूंगरी तीर्थ के विकास को लेकर चर्चा



**बेधड़क.जयपुर।** भगवान श्रीदेवनारायण जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी तीर्थ सहित अन्य संबंधित स्थलों पर आने वाले धार्मिक पर्यटकों व तीर्थ यात्रियों के लिए सभी तरह की सुविधाओं का विकास करने के लिए महंत सुरेश दास जी महाराज सहित सभी पुजारियों से पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक ने मिलकर विस्तृत चर्चा की। संयुक्त निदेशक विकास पर्यटन विभाग राजेश शर्मा ने कंसल्टेंट फर्म के प्रतिनिधियों के साथ अयोध्या, काशी, उज्जैन महाकाल कोरिडोर की तर्ज पर श्रीदेवनारायण भगवान कोरिडोर बनाने पर चर्चा की गई। इस को लेकर तांबेश्वर की बावड़ी, सवाई भोज, गोठा दडावट, बरनाघर का मौक़ा निरीक्षण कर इतिहास की आवश्यक जानकारी ली गई।

---

**जोधपुर पहुंचे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में कहा**

# स्कूलों को नहीं बनने देंगे धर्मांतरण और लव जिहाद का अड्डा

**बेधड़क | जयपुर**

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने धर्मांतरण और लव जिहाद को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। मंत्री दिलावर ने साफ तौर पर कहा है कि स्कूलों को धर्मांतरण और लव जिहाद का अड्डा नहीं बनने देंगे।

मंत्री मदन दिलावर ने जोधपुर से बालोतरा रवाना होने से पहले ये बात कही। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जयपुर से बालोतरा जाते समय देर रात जोधपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद वे रविवार सुबह बालोतरा के लिए रवाना हुए। इस दौरान मंत्री दिलावर ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा



कि प्रदेश की किसी भी विद्यालय को धर्मांतरण या लव जिहाद का अड्डा नहीं बनने देंगे। जहां पर भी षड्यंत्र होगा, उसमें शामिल शिक्षक हो या विद्यार्थी उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। धर्मांतरण और लव जिहाद के मुद्दे को लेकर कोटा जिले के खजूरी ओदपुर गांव के विद्यालय में तीन शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहां के स्कूल में एक हिंदू बालिका के धर्म के कॉलम में अध्यापकों ने मुस्लिम लिखा। उस स्कूल में जबर्दस्ती नमाज पढ़ाई जाती और धर्मांतरण का षड्यंत्र होता है, ये तो हम चलने नहीं देंगे।

### जहां सूर्य नमस्कार नहीं, वहां होगी कार्रवाई

मंत्री दिलावर ने सूर्य नमस्कार का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी स्कूलों में प्रार्थना सभा के समय रोजाना 10 मिनट का सूर्य नमस्कार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन निर्देशों की समीक्षा भी करवाई जा रही है। जहां आदेशों की पालना नहीं होगी, वहां कार्रवाई की जाएगी। मदन दिलावर पहले भी पेपर लीक करने वाले माफियां और स्कूल में छात्राओं के साथ बेड टच करने वाले टीचर को चेता चुके हैं कि किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। शिक्षा मंत्री खुले तौर पर कह चुके हैं छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले टीचर के घर पर बुलडोजर चलेगा। उन्हें किसी भी कीमत पर माफ नहीं किया जाएगा।

### कोटा के स्कूल में सामने आया था धर्मांतरण का मामला

गौरतलब है कि हाल ही में कोटा जिले के खजूरी ओदपुर गांव के सरकारी स्कूल में जबरन नमाज पढ़ाने व धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस पर शिक्षा विभाग ने 22 फरवरी की रात आदेश जारी कर तीन शिक्षकों में से दो को निलंबित कर दिया था। शिक्षक फिरोज और मिर्जा मुजाहिद को निलंबित करने के साथ महिला शिक्षिका शबाना को एपीओ किया गया था। इन शिक्षकों पर विद्यार्थियों से जिहादी गतिविधियां करवाने का आरोप लगा है। वहीं, बारां जिले के किशनगंज ब्लॉक नाहरगढ़ के लकड़ाई स्कूल में गणतंत्र दिवस पर समारोह के दौरान मां सरस्वती की तस्वीर नहीं लगाने पर जमकर हंगामा हुआ था। इस पर सावित्री बाई फुले को शिक्षा की देवी बताने वाली शिक्षिका हेमलता बैरवा को शिक्षा विभाग ने 23 फरवरी को सस्पेंड किया था।

---

**CM ने धौलपुर, करौली व गंगापुर सिटी की आभार सभा में कहा...**

# ERCP प्रदेश के लिए बनेगी वरदान, धरती उगलेगी सोना

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 45 हजार करोड़ रुपए की ईआरसीपी योजना पूर्वी राजस्थान के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। इससे इस क्षेत्र में सिंचाई तथा पेयजल की बरसों पुरानी समस्या का समाधान होगा तथा वहीं खेतों में भरपूर सिंचाई होने से अब यह धरती भी सोना उगलेगी।

मुख्यमंत्री शर्मा ने रविवार को पूर्वी राजस्थान दौरे के दूसरे दिन धौलपुर, करौली एवं गंगापुर सिटी जिलों में आयोजित आभार सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान लोगों ने उनका भावभीना स्वागत किया और जगह-जगह पुष्पवर्षा और माल्यार्पण स्वागत किया गया। आभार सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति तभी संभव है जब अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण हो। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय के इसी संकल्प को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार गरीबों तथा वंचितों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि आमजन को पेयजल और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में भी मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की शुरूआत की गई थी। जिसके तहत जल संरक्षण एवं संग्रहण को बढ़ावा दिया गया था। इसी योजना को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान सरकार ने 11 हजार 200 करोड़ रुपए का प्रावधान करते हुए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत अगले 4 वर्षों में 20 हजार गांवों में 5 लाख जल संग्रहण ढांचे बनाए जाएंगे। धौलपुर के बाड़ी में आयोजित आभार सभा में मुख्यमंत्री ने राजीविका स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को 12 करोड, 6.50 करोड़ तथा 2.41 करोड़ के चैक भी वितरित किए। आभार सभाओं में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, सांसद सीपी जोशी, डॉ. मनोज राजोरिया, सुखबीर सिंह जौनापुरिया व कई विधायक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### पूर्ववर्ती सरकार ने केवल वादे किए

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राजस्थान की महत्वाकांक्षी परियोजना ईआरसीपी पर केवल राजनीति कर थोथे वादे किए। उनके द्वारा भ्रष्टाचार तथा तुष्टीकरण की राजनीति की गई, जबकि हमारी सरकार बनने के मात्र डेढ़ महीने के अन्दर ही इस परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा केन्द्र एवं मध्यप्रदेश सरकार के साथ एमओयू कर वादे को साकार करते हुए इसे धरातल पर लागू करने के लिए रोड मैप भी तैयार कर लिया है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को राज्य सरकार समयबद्ध रूप से पूरा करेगी।



### अन्य प्रदेशों की सरकारों से हमें पूरा सहयोग मिल रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र की तरह ही अन्य प्रदेशों की सरकारों से भी हमें पूरा सहयोग मिल रहा है। ईआरसीपी के ऐतिहासिक एमओयू को साकार करने में मध्यप्रदेश सरकार का सहयोग मिला, तो कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने में छत्तीसगढ़ सरकार ने अहम योगदान दिया। इसके साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र को जल उपलब्ध कराने के लिए ताजेवाला हैड वर्क्स के एमओयू में हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पूर्वी राजस्थान की बदलेगी तकदीर और तस्वीर

केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना पूर्वी राजस्थान की जीवनरेखा साबित होगी तथा इस क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ईआरसीपी को प्रमुख प्राथमिकता वाली 5 लिंक परियोजनाओं में शामिल किया है, जिससे इस योजना पर त्वरित गति से कार्य होगा। उन्होंने कहा कि एकीकृत ईआरसीपी आजादी के बाद प्रदेश की सबसे बड़ी नहर परियोजना होगी, जिसमें प्रदेश के नए जिलों सहित कुल 21 जिलों की साढ़े 3 करोड़ आबादी को अगले 5 दशक तक पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदर्शी सोच के अनुरूप मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना के बाद देश की यह दूसरी नदी लिंक परियोजना है।

---

**जोधपुर पहुंचे भाजपा नेता राठौड़ बोले**

# दावा पेश नहीं करूंगा, पार्टी कहेगी तो लड़ूंगा लोकसभा चुनाव

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने लोकसभा का चुनाव लड़ने की मंशा जताई है। एक निजी कार्यक्रम में जोधपुर पहुंचे राठौड़ ने कहा कि मैं किसी तरह को कोई दावा नहीं करूंगा, पार्टी कहेगी तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगा।



विधानसभा चुनाव में हुई हार पर उन्होंने कहा कि राजेंद्र राठौड़ एक जमीनी कार्यकर्ता है। पहली बार हार का फल चखा है, खट्टा भी है, मीठा भी है। स्वाद भी है और बेस्वाद भी है। शहर के पांच बत्ती रास्ता स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत में राठौड़ ने राजसमंद सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पर कहा कि अगर पार्टी मौका देगी तो चुनाव लड़ूंगा, लेकिन इसको लेकर दावा नहीं करूंगा। पार्टी अगर बूथ स्तर संभालने की जिम्मेदारी देगी तो वह भी करूंगा।

राठौड़ ने पिछली गहलोत सरकार पर योजनाओं के नाम पर पर प्रदेश को कर्ज में डुबोने का आरोप लगाया। इससे पहले जोधपुर एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मुद्दे पर राठौड़ ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर पुत्र मोह का तंज कसा। उन्होंने कहा कि आरसीए सरकारी जमीन और ऑफिस का उपयोग कर रहा था। कई बार सरकार की ओर से बकाया चुकाने के नोटिस दिए गए, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

सरकार खैरात नहीं बांट सकती है। गहलोत पुत्र मोह में क्या बयान दे रहे, उन्हें खुद ही पता नहीं। कांग्रेस नेताओं के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर राठौड़ ने कहा कि जो भी नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं, वे बिना शर्त शामिल हो रहे हैं। वे पार्टी की कार्यप्रणाली और भाजपा सरकार में प्रदेश में हो रहे विकास को देखकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। राजेंद्र राठौड़ शेरगढ़ में एक स्कूल के कार्यक्रम में शामिल हुए। वहां शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने राजेंद्र राठौड़ को आर्मी के जवान की तरह सैल्यूट किया। यह वीडियो काफी चर्चा में रहा।

---

**सांसद कैलाश चौधरी ने गिनाई अपनी उपलब्धियां**

# विकास कार्यों में नहीं रखी जाएगी कमी

**बेधड़क | जयपुर**

संसदीय क्षेत्र में प्रवास की श्रृंखला में रविवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी बालोतरा जिले की सिवाना विधानसभा के दौरे पर रहे।

चौधरी ने सिवाना विधानसभा के भूंका भगतसिंह स्थित शहीद विशनसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान समारोह एवं स्मार्ट बोर्ड उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। इसके बाद वे राउमावि लोहिड़ी में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों



में सांसद चौधरी ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा भामाशाहों को सम्मानित किया और संवाद के माध्यम से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस दौरान राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल सहित अन्य पदाधिकारी, अध्यापक, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि आप सबके आशीर्वाद एवं सहयोग से ही मैं इस मुकाम पर पहुंच पाया हूं। इसलिए मेरे 5 साल के कार्यकाल में मैंने हमेशा यह हरसंभव कोशिश की है कि बिना किसी भेदभाव के पूर्ण सामर्थ्य के साथ आपकी उम्मीदों पर खरा उतर सकूं।

---

**संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर में कई कार्यक्रमों में की शिरकत**

# सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध

**बेधड़क | जयपुर**

संसदीय कार्य विभाग, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि किसान, महिला, युवा, गरीब सहित सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

पटेल रविवार को जोधपुर में पाल रोड पर महाराज श्रीराजाराम शिक्षण संस्थान में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोधपुर में अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया। जोगाराम पटेल ने समारोह में अपने अनुभवों और विचारों को साझा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के



नेतृत्व में राजस्थान में विकास का नया अध्याय लिखने की शुरुआत हो गई है।

बहुप्रतीक्षित ईआरसीपी परियोजना को हमारी सरकार ने मूर्त रूप दिया है। उन्होंने लोगो के उत्थान और समृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। समारोह में महाराज राजाराम, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधिगण तथा समाजसेवी उपस्थित रहे। पटेल ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाल की प्रधानाचार्य वाकपीठ कार्यक्रम में भी भाग लिया। अपने संबोधन में जोगाराम पटेल ने जनोत्थान और समृद्धि के लिए नई पहल की बात की और सामाजिक बदलाव के प्रति अपनी संवेदनशीलता दिखाई।

पटेल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन, और महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और इनके प्रति जागरुकता का संचार करते हुए सामाजिक नवनिर्माण में भागीदारी निभाने के लिए प्राण-प्रण से आगे आने का आह्वान किया।

---

**भारत जोड़ों न्याय यात्रा धौलपुर पहुंची**

# ERCP को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही भाजपा: गहलोत

**बेधड़क | जयपुर**

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए धौलपुर जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का कार्यकर्ताओं ने भरतपुर में स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार ईआरसीपी का नाम बदलकर लोगों को गुमराह कर रही है, लेकिन नाम बदलने की नौबत क्यों आई? ऐसे में उनको व्हाइट पेपर जारी करना चाहिए।

वहीं, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि ईआरसीपी के तथ्य किसी को नहीं पता है। ये पानी पर राजनीति कर रहे हैं। साथ ही



उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि कांग्रेस को राज्य में अच्छे परिणाम हासिल होंगे। पूर्व सीएम गहलोत ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ईआरसीपी का नाम बदलकर लोगों को गुमराह कर रही है, कोई पानी नहीं आएगा।

सिंचाई का पता नहीं क्या होगा? इसके लिए भाजपा सरकार को व्हाइट पेपर जारी करना चाहिए। साथ ही उनसे पूछिए कि ईआरसीपी का नाम बदलने की नौबत क्यों आई?

गहलोत ने कहा कि इन बातों में दम नहीं है, ये घबराए हुए हैं। यही वजह है कि 13 जिले के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पहले वाले प्रस्ताव को क्यों रद्द किया, नया प्रस्ताव क्यों लाए? उन्हें सब बताना चाहिए।

यदि सारी बातें सामने आ गई तो फिर जनता सब समझ जाएगी। गहलोत ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर आभार व्यक्त करने की इनकी सब नाटकबाजी है।

### हम अन्याय के खिलाफ निकाल रहे यात्रा: राहुल

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रविवार को राजस्थान में प्रवेश हुआ। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने यात्रा का स्वागत किया। धौलपुर पहुंची न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अन्याय के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं। हम सबकी भलाई की लड़ाई लड़ रहे हैं। सभा के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी धौलपुर से रवाना हो गए। यात्रा का झंडा पीसीसी चीफ डोटासरा को सौंपा गया।

### केंद्र सरकार कर रही राजनीति



पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा शुरू से ही राजनीति की थी। उनको प्रदेश के लोगों के हितों की चिंता नहीं थी। वो तो चुनाव का इंतजार कर रहे थे। सालों पुरानी परियोजना पर कांग्रेस ने हजारों करोड़ रुपए खर्च किए। केंद्र ने इसे जानबूझकर लटका कर रखा था। पायलट ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही ऐसा समझौता कराया गया, जिसके तथ्यों की किसी को जानकारी ही नहीं है। इन्होंने एमओयू कर दिया, इसमें क्या है, कितना पानी मिलेगा इसके तथ्य किसी के पास नहीं हैं। विधानसभा चुनाव होते ही और लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने ये सब किया है, खैर जनता सब समझ रही है। जनता से जुड़े हुए पानी के मुद्दे पर राजनीति की गई, यह दुख की बात है। पायलट ने कहा कि जो भी योजना बनाएं, उसमें जनता के हितों की रक्षा होनी चाहिए। सिंचाई, पीने का पानी, इंडस्ट्री के लिए पानी और भविष्य को ध्यान में रखते हुए ये कार्यक्रम होना चाहिए। साथ ही सभी तथ्य जनता के सामने आने चाहिए। कई बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने के मामले पर पायलट ने कहा कि कांग्रेस के पास एक लंबी लिस्ट है। अलग-अलग पार्टियों को छोड़कर नेता कांग्रेस में आ रहे हैं। भाजपा के कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। चुनाव से पहले नेताओं का आना जाना लगा रहता है।

## जरूरी खबर

### बोर्ड परीक्षा में ग्रामीण शिक्षकों को लगाने की मांग



**जयपुर।** बोर्ड परीक्षाओं में राजधानी के परीक्षा केंद्रों पर जयपुर जिले के ग्रामीण ब्लॉकों से शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाने से उनमें नाराजगी है। शिक्षकों का कहना है कि जयपुर शहर में प्रतियोगिता परीक्षाओं के सेंटरों और बीएलओ कार्य में तो ड्यूटी लगा दी जाती है, जबकि बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी नहीं लगाई जा रही है। ऐसे में अगर ड्यूटी नहीं लगाई गई तो जयपुर शहर में सर्वाधिक 174 परीक्षा केंद्र पर बोर्ड परीक्षा करवाने में केंद्राधीक्षक व संस्थाप्रधानों को काफी चुनौतियां का सामने करना पड़ेगा। परीक्षा जैसे कार्य में कोई अनहोनी होती है तो संस्था प्रधानों पर भारी पड़ सकता है। शिक्षक नेता अजय कुमार शर्मा, ओम प्रकाश टेलर, पवन पाण्डेय और मेघराज शर्मा ने भी अपनी बात रखी है।

### विदेशी नागरिक के पास मिला सैटेलाइट फोन

**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट पर एक विदेशी नागरिक के पास सैटेलाइट फोन मिला है। एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की टीम ने इस विदेशी नागरिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की लेकिन वह सैटेलाइट फोन को लेकर कोई सही जवाब नहीं दे पाया। सीआईएसएफ ने इस विदेशी नागरिक को एयरपोर्ट थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल, शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट से इजिप्ट मूल का विदेशी नागरिक मुंबई जा रहा था। इस दौरान जयपुर एयरपोर्ट टर्मिनल के एंट्री गेट पर सिक्योरिटी जांच में इसके पास सैटेलाइट फोन पाया गया। जब सीआईएसएफ टीम ने इससे सैटेलाइट फोन को लेकर जानकारी मांगी तो वह इसका सही जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद एयरपोर्ट थाने में इस विदेशी नागरिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने से फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज

# आज से दो दिन प्रदेश के 16 जिलों में हो सकती है बारिश

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में गर्मी की आहट के बीच वापस सर्द हवाओं का दौर शुरू हो गया। मौसम परिवर्तन के चलते प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तापमान की उठापटक जारी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश का मौसम ड्राई रहा। इसकी वजह से रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। लेकिन मौसम विभाग के अनुसार अगले 1-2 दिन में प्रदेश में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होने के चलते बारिश का दौर शुरू हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार व मंगलवार को इस वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की सक्रियता के चलते प्रदेश के 16 जिलों में बादलों की आवाजाही के साथ बारिश हो सकती है। दूसरा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 1 और 2 मार्च को एक्टिव होगा। इसमें बारिश के साथ तूफान और ओले गिरने की भी संभावना है। रविवार को प्रदेश के कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार जो पहला वेदर सिस्टम एक्टिव हो रहा है, इससे प्रदेश में बादलों की आवाजाही के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि यह वेदर सिस्टम ज्यादा ताकतवर नहीं होगा पर इस दौरान सर्द हवा का असर परेशान कर सकता है।



### आज और कल इन जिलों में बरसात की संभावना

सोमवार व मंगलवार को जयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, ब्यावर, अलवर, बाड़मेर, उदयपुर, करौली, राजसमंद, भरतपुर, प्रतापगढ़, कोटा, बूंदी, झालावाड़, बीकानेर, भरतपुर जिलों में बारिश हो सकती है।प्रदेश के कई जिलों में रविवार को भी बादल छाए रहे।

### कई जिलों में बढ़ा न्यूनतम तापमान

पिछले 24 घंटे में हनुमानगढ़ में न्यूनतम तापमान 2 डिग्री बढ़कर 7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। करौली में न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। अजमेर में न्यूनतम तापमान 14.5, बाड़मेर में 12.5, बीकानेर में 12.4, चूरू में 10.6, जयपुर में 14.8, जोधपुर में 13.3, कोटा में 13, श्रीगंगानगर में 8.9, उदयपुर में 9 और माउंट आबू में 7.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि जैसलमेर के न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की कमी आई। इसके बाद यहां का न्यूनतम तापमान लुढ़क कर 9.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि तापमान बढ़ने के बावजूद रात में सर्द हवाएं महसूस की जा रही हैं।

### मौसम बदलने से घर-घर में बीमार

मौसम में परिवर्तन के चलते मौसमी बीमारियों का दौर भी प्रदेश के लोगों को परेशान कर रहा है। बुखार, खांसी, जुकाम व बदन दर्द के चलते लोग खासे परेशान हैं। साथ ही एक बार सही होने के बाद वापस लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। इसके चलते अस्पतालों व क्लीनिक्स में भी मरीजों की कतारें देखी जा सकती हैं। डॉक्टरों का कहना है कि एक बार मौसम कुछ स्टेबल होने के बाद बीमारी में राहत मिलेगी।

## संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने चलाया स्वच्छता अभियान

# सेवा का संकल्प लिया और निखर गया हमारा जलमहल

■ 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' का दिया संदेश

### दो सौ किमी तक से सेवा के लिए पहुंचे सेवादार



**बेधड़क** | जयपुर

सरकार के भरोसे ना बैठते हुए जरूरी कामों को खुद अपने हाथ में लेकर किस तरह अपने परिवेश का कायापलट किया जा सकता है, इसकी बेहतरीन नजीर रविवार को देखने को मिली। संत निरंकारी मिशन से जुड़े वॉलंटियर्स ने मिशन के प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत जलमहल के आसपास सफाई अभियान चला यहां का कायाकल्प कर दिया। परियोजना के दूसरे चरण के तहत सुबह 8 से 12 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन के जोन-20 बी जयपुर के वॉलंटियर्स ने आस पास के इलाके की डीप-क्लीनिंग की।

मिशन के इस अभियान में जयपुर हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर, डीजीपी क्राइम रवि कुमार महेरड़ा, उपायुक्त स्वास्थ्य नूर मोहमद व वार्ड पार्षद भूपेंद्र मीना ने पहुंचकर सफाई में हाथ बंटाया। उन्होंने मिशन के सेवादारों द्वारा इस प्रकार के अभियान से जन जन को दिए गए स्वच्छता के संदेश को सराहना की। मेयर मुनेश गुर्जर ने कहा कि साफ सफाई रखना ना सिर्फ सरकारी तंत्र का कार्य है बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। हम कचरे को कचरापात्र में डालें, इस बात को खुद समझें और दूसरों को समझाएं। निरंकारी मिशन हमेशा से ही इस प्रकार के कार्य कर आमजन में जागरूकता फैलाता है।

डीजीपी रवि कुमार महेरड़ा का कहना था कि मिशन के साथ भारी मात्रा में युवा शक्ति जुड़ी है। जिस प्रकार आपलोग निस्वार्थ सेवा के कार्य कर रहे हैं उससे लगता है कि देश के युवाओं की सोच बदल रही है। उन्होंने कहा कि मैंने सुना था निरंकारी मिशन नेक और अनेक सामाजिक कार्य भी करता है, मगर आज यह सेवा भाव देखकर मैं अभिभूत हूं।

### दूरदराज से आए 4500 वॉलंटियर्स

जोनल इंचार्ज जोन-20 बी सुनील बाली ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' इस आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए उपरोक्त कार्यक्रम में संत निरंकारी मंडल जोन 20 बी जयपुर की करीब 28 ब्रांचों ने भाग लिया। क्षेत्रीय संचालक सेवादल मनोज कुमार खंगार ने बताया कि राजापार्क, हाथोज, प्रतापनगर, उदयपुरिया, ठिकरिया, जयसिंहपुरा खोर, नारायण विहार (सांगानेर), विद्याधर नगर, वाटिका, सांभर, दूदू, कानोता, रेनवाल, बांदीकुई, तूंगा, दौसा, देवगांव, महवा, बिहारीपुरा, डीडवाना, तालचिड़ी, मंडावर, रामगढ़ पचवारा, मच्छ की पीपली, लालसोट, जमवारामगढ, करौली, चाकसू, बस्सी और हिण्डोन ब्रांचों के लगभग 1.5 हजार सेवादल सदस्य और 3 हजार सत्संग के लोगों ने मिलकर अभियान के दौरान साफ सफाई की।



### 27 राज्य, 900 शहर, 11 लाख सेवादार

निरंकारी मिशन की इस परियोजना के तहत रविवार को ही समूचे भारत के 1533 से भी अधिक स्थानों में 900 शहरों के 27 राज्यो में एक साथ सफाई अभियान चलाया गया। इनमें 11 लाख से अधिक सेवादल के सदस्यों ने भाग लिया। यमुना छठ घाट, आईटीओ, नई दिल्ली पर मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत निरंकारी मिशन की माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी रमित ने की। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके।

## राजस्थान राज्य सिविल सेवा सीएस चैलेंजर कप प्रतियोगिता का समापन आज

# RAS टीम पर भारी पड़े IAS, बैडमिंटन में दी मात



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान राज्य सिविल सेवा सीएस चैलेंजर कप प्रतियोगिता 2023-24 में टेनिस प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल के पहले मैच में आईएएस टीम के नवीन महाजन और शरद मेहरा ने आरएएस टीम के नवनीत कुमार और सुरेश चन्द को 8-1 से शिकस्त दी। वहीं दूसरे मैच में आईएएस टीम के नवीन महाजन और रवि जैन ने आरएएस टीम के नवनीत कुमार और मातादीन मीना को 8-2 से हराकर सेमीफाइनल मुकाबला 2-0 से जीता।

टेनिस के दूसरे सेमीफाइनल के पहले मैच में कॉलेज शिक्षा टीम के अरुण चौधरी और केवीएस राठौड़ ने आरपीएस टीम राजेन्द्र सिसोदिया और दिलीप सिंह को 8-6 से, जबकि दूसरे मैच में आरपीएस टीम के दिलीप सिंह और सतवीर सिंह ने कॉलेज शिक्षा टीम के नवदीप बैंस और कन्हैयालाल गुर्जर को 8-5 से हराया। तीसरे मैच में कॉलेज शिक्षा के अरुण चौधरी ने आरपीएस टीम के अवनीश शर्मा को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल मुकाबला 2-1 से जीता। बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल में राजस्थान चिकित्सा और चिकित्सा शिक्षा सेवा टीम ने राजस्थान लेखा सेवा की टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# डिप्टी सीएम ने जाना नरेंद्र सिंह का हाल



**बेधड़क** | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को निजी अस्पताल पहुंचकर पीएनबी बैंक डकैती प्रयास को अपनी बहादुरी से विफल करने वाले एवं इस दौरान गोलियां लगने से घायल हुए कैशियर नरेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। उन्होंने घायल कैशियर की हौसला अफजाई करते हुए उनकी बहादुरी एवं साहस की सराहना की। उन्होंने डॉक्टर्स से भी घायल कैशियर के स्वास्थ्य के संबंध में रिपोर्ट ली। उपमुख्यमंत्री ने इस दौरान नरेंद्र सिंह के परिवारजनों से भी मुलाकात की एवं उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने परिवारजनों से कहा की नरेंद्र ने बहुत बड़ी बहादुरी का परिचय देते हुए डकैतों से मुकाबला किया है और बैंक डकैती को विफल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की और से हर संभव मदद नरेंद्र और उनके परिवार जनों को उपलब्ध करवाई जाएगी। इस दौरान नरेंद्र सिंह के परिवारजनों ने भी उपमुख्यमंत्री द्वारा उपलब्ध करवाई गई सहायता के लिए धन्यवाद दिया।

## वैदिक कन्या पीजी कॉलेज का मामला


# नहीं किया लेक्चरर का भुगतान... कॉलेज के कमरे सील, होगी नीलामी

**बेधड़क** | जयपुर

लेक्चरर को बकाया भुगतान नहीं करनाा शहर के एक कॉलेज को भारी पड़ गया है। कॉलेज लेक्चरर को 13 साल से भुगतान नहीं करने पर कोर्ट ने जयपुर के राजापार्क स्थित वैदिक कन्या पीजी कॉलेज के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई करते हुए कॉलेज ऑफिस, प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के कमरों को सीज कर दिया है।

गौरतलब है कि राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक संस्था अधिकरण (एजुकेशनल ट्रिब्यूनल) ने कॉलेज लेक्चरर डॉ. उषा जैन के पक्ष में 24 अक्टूबर 2019 को आदेश दिया था, लेकिन कॉलेज ने उसके बाद भी भुगतान नहीं किया।

इस पर प्रार्थी की ओर से महानगर मजिस्ट्रेट पूर्व की अदालत में इजराय (एग्जीक्यूशन पिटिशन) दायर की गई। इस पर कोर्ट के आदेश से सेल अमीन ने वैदिक कन्या पीजी कॉलेज, राजा पार्क के खिलाफ कुर्की कार्रवाई करते हुए कॉलेज के कार्यालय, प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के कमरों को सीज करने की कार्रवाई की है।



### 13 साल से बकाया हैं ग्रेच्युटी व अन्य परिलाभ

लेक्चरर डॉ. उषा जैन के वकील किंशुक जैन ने बताया कि डॉ. शर्मा की नियुक्ति 1995 में वैदिक कन्या पीजी कॉलेज में हुई थी। 2011 में उनकी सेवाओं का समायोजन राजस्थान स्वेच्छया ग्रामीण शिक्षा सेवा नियम-2010 के तहत राज्य सरकार में हो गया। वे कॉलेज से 30 जुलाई 2011 को कार्यमुक्त हो गई, लेकिन उन्हें ग्रेच्युटी और वेतन आयोगों के परिलाभ नहीं दिए गए। इसके खिलाफ उन्होंने एजुकेशनल ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की। जिस पर सुनवाई करते हुए ट्रिब्यूनल ने 24 अक्टूबर 2019 को इनके पक्ष में फैसला देते हुए संपूर्ण राशि 6 प्रतिशत ब्याज की दर से भुगतान के आदेश दिए, लेकिन उसके बाद भी कॉलेज की ओर से भुगतान नहीं किया गया।

### कोर्ट ने दिया था अल्टीमेटम लेकिन नहीं किया भुगतान

डॉ. उषा शर्मा ने महानगर मजिस्ट्रेट पूर्व के यहां आदेश की पालना नहीं होने पर इजराय दायर की। इस पर कोर्ट ने 4 सितंबर, 2023 को कॉलेज के 10 कमरों और बैंक अकाउंट को सीज करने का आदेश दिया था। कॉलेज का बैंक खाता सीज करके प्रार्थियां के पक्ष में करीब 18 लाख का डीडी बना दिया, लेकिन अभी भी उसका 24 लरचर 69 हजार 848 रुपए बकाया चल रहा है। कॉलेज ने 10 कमरे सीज करने के आदेश को गलत बताते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र लगाया। इस पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 14 फरवरी को कॉलेज का प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। वहीं कॉलेज को तीन दिन का अंतिम मौका दिया कि वह प्रार्थिया के बकाया का भुगतान कर दें, अन्यथा कुर्की की कार्रवाई और नीलामी की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन जब कॉलेज ने तीन दिन बाद भी भुगतान नहीं किया तो सेल अमीन ने कॉलेज ऑफिस, प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं सचिव के कमरों को सीज कर दिया। अब इन कमरों और उसमें रखे सामान की नीलामी की जाएगी।

## जरूरी खबर

### मौसमी बीमारियों का प्रकोप, मरीजों की बढ़ी भीड़



**झुंझुनूं।** बार-बार बदल रहा मौसम लोगों के लिए आफत बन रहा है। इसके चलते बच्चे और बुजुर्ग मौसमी बीमारियों की आगोश में आ रहे हैं। सरकारी व निजी अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। इसमें अधिकतर मरीज वायरल की चपेट में हैं। झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल में रोजाना दो हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकतर मौसमी बीमारी की चपेट में हैं। लेकिन, उपचार के बाद भी मरीजों को स्वस्थ होने में लंबा समय लग रहा हैं।

### सरकारी स्कूल के टीचर ने बच्ची का हाथ तोड़ा

**कोटा।** जिले में एक सरकारी स्कूल के टीचर ने कोचिंग जाने से नाराज 5 साल की बच्ची की पिटाई कर दी। बच्ची को इतनी बुरी तरह से पीटा कि हाथ में फ्रैक्चर हो गया। मामला जिले के कैथून थाना क्षेत्र के खेड़ारसूलपुर गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार दोपहर 2 बजे का है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी टीचर अब्दुल सत्तार (45) को गिरफ्तार किया। इधर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रविवार को जिला शिक्षा अधिकारी को तीन घंटे में रिपोर्ट देने के आदेश दिए थे। जिला शिक्षा अधिकारी केके शर्मा ने बताया कि शिक्षा मंत्री के आदेश से प्रारंभिक जांच के बाद टीचर अब्दुल सत्तार को सस्पेंड कर जालोर ट्रांसफर कर दिया है।

### 1.80 करोड़ का डोडा-चूरा बरामद, आरोपी फरार



**झालावाड़।** सुनेल पुलिस को ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एक ट्रक से 1.80 करोड़ का डोडा-चूरा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि सुनेल बाईपास टर्न पर एक ट्रक सुबह 10 बजे पुलिस को देखकर वापस घूमकर भागने लगा। इसके चलते ट्रक में भरें संतरे के कैरिट एवं डोडा-चूरा के कुछ बोरे सड़क पर बिखर गए। ऐसे में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और इसी बीच चालक फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी विष्णुसिंह जाप्ते के मौके पर पहुंचे और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए डोडा-चूरा की कीमत करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए आंकी है।

## बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अधिवेशन में ट्रैवल व्यवसाय की समस्याओं पर किया मंथन

# 3 साल पुरानी बसों की किश्तें नहीं चुकी, बंद होने की नौबत

**बेधड़क | जयपुर**

भाजपा जयपुर। प्रदेशभर के बस ऑपरेटर्स रविवार को अपनी मांगों को लेकर राजधानी में एक मंच पर आए। बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन राजस्थान के तत्वावधान में इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में द्वितीय अधिवेशन आयोजित किया गया।

इस दौरान बस ऑपरेटर्स ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर समाधान करवाने की रणनीति तैयार की। इनमें मुख्य रूप से एनसीआर क्षेत्र में मात्र तीन साल पुरानी यूरो फॉर बसों को प्रवेश नहीं देने का मुद्दा जबरदस्त छाया रहा। संगठन के



वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन शर्मा ने कहा कि भरतपुर और अलवर जिले एनसीआर क्षेत्र में आने के कारण उनकी बसों को एनसीआर क्षेत्र में संचालित नहीं करने दिया जा रहा। आरटीओ की तरफ से बसों को बंद करने या रजिस्ट्रेशन कैंसल करने के नोटिस दिए जा रहे हैं। जबकि तीन साल पहले हमने बसें खरीदी तब दस साल तक का रजिस्ट्रेशन किया गया था। अभी तक इन बसों की किस्तें भी नहीं चूकी और बंद करने की कगार पर लाकर खड़ा दिया गया है। जबकि ऑल इंडिया परमिट और टेंपरेरी परमिट की दस-बारह साल पुरानी बसों को चलने दिया जा रहा है। सरकार की ओर से यह भेदभाव किया जा रहा है। इससे बस ऑपरेटर्स में सरकार की नीतियों के प्रति गहरा रोष है। इसके चलते ट्रैवल व्यवसाय करना मुश्किल हो रहा है। अधिवेशन की शुरुआत बोओसीआइ के अध्यक्ष जगदेव सिंह खालसा ने झंडारोहण के साथ की। संस्था संरक्षक अनिल जैन व सुरेंद्र कालरा, प्रदेशाध्यक्ष सत्यनारायण साहू, महामंत्री रवि सैनीने दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि परिवहन आयुक्त मनीष अरोड़ा ने वाहन स्वामियों की ओर से हाल ही के चुनाव में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### जनता सुविधाएं चाहती है रियायत नहीं: यूनुस खान

पूर्व परिवहन मंत्री व डीडवाना विधायक यूनुस खान बतौर अतिथि कार्यक्रम शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल में वेट घटाने के लिए विधानसभा में आवाज उठाई जाएगी। सड़कों के विकास में पिछले 15 से 20 साल में कई गुना वृद्धि हो चुकी है। आबादी कई गुना बढ़ चुकी है। ऐसे में रोड़वेज की ओर से संपूर्ण आबादी को वाहन उपलब्ध कराना संभव नहीं है। आम जनता को खाली निगम के भरोसे छोड़ देना उचित नहीं है। कई सालों से किराए में वृद्धि वोटों के लालच में नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जनता सुविधा चाहती है रियायत नहीं।

### सरकार सुधार के लिए करे पहल

संगठन के संरक्षक अनिल जैन ने कहा कि टैक्स प्रणाली राजस्थान में परिवहन के क्षेत्र में बहुत गलत है। सरकार लगभग 25 हजार वाहन स्वामियों से 600 करोड़ रुपए का टैक्स लेती है, जबकि रोडवेज में 3 हजार वाहन चलाने के लिए निगम को 600 करोड़ रुपए दे देती है जो की बहुत ही अनुचित है। सरकार रोड़वेज के मुकाबले आधी सब्सिडी भी निजी क्षेत्र को दे तो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर की सार्वजनिक सेवा के लिए 8 से 10 हजार बसें उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे न केवल प्रदूषण में कमी आएगी बल्कि शहरी ट्रांसपोर्ट में सुधार होगा। अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने कहा कि रोड़वेज को अपनी टैक्स नीति में बदलाव करना चाहिए। पड़ोस के राज्यों को देखते हुए नीति बननी चाहिए। अब केंद्र सरकार द्वारा नेशनल परमिट की स्कीम लाई जा चुकी है, जिसमें अलग-अलग स्टेट का टैक्स भी नहीं देना पड़ता है। पड़ोस के राज्यों से राजस्थान में कई गुना टैक्स ज्यादा है।

## पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र शिल्पग्राम में 'ऋतु बसंत' उत्सव संपन्न

# सितार-सरोद के सुरों और नृत्य प्रस्तुति की ताल से झंकृत हुए दिल

- प्रसिद्ध केडिया बंधु के सितार और सरोद की जुगलबंदी ने श्रोताओं का मनमोहा
- संतोष नायर के निर्देशन में क्लासिकल नृत्य प्रस्तुति में साक्षात हुए शिव व गणेश

**बेधड़क | उदयपुर**

मौसिकी के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी छाप छोड़ चुके सितार वादक पंडित मोर मुकुट केडिया और सरोद वादक पंडित मनोज केडिया ने जब शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर 'ऋतु बसंत उत्सव' में अपने-अपने साज के तारों को अंगुलियों से हरकत दी तो मौजूद तमाम संगीत प्रेमियों के दिल झंकृत हो गए।

दोनों वाद्ययंत्रों की संगत के साथ सांसों के जरिए दिलो-दिमाग तक स्पंदन कर रही दिलकश धुनें पूरे एक घंटे तक मन को मोहती रहीं। इसके साथ ही देश-विदेश में अपने अनूठे कंटेंपरेरी और शास्त्रीय नृत्यों से पहचान बना चुके कोरियोग्राफर संतोष नायर के निर्देशन में साध्या ग्रुप की 'नृत्य स्तुति' की क्लासिकल के विभिन्न रूपों के जरिए तमाम स्तुतियों की पेशकश मौजूद भारतीय संगीत प्रेमियों पर अमिट छाप छोड़ गई। इन दोनों की दिलकश पेशकश से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के शिल्पग्राम में 23 फरवरी को शुरू हुए 'ऋतु वसंत' की रविवार की आखिरी शाम कलाप्रेमियों के लिए यादगार बन गई।

पद्म विभूषण उस्ताद अली अकबर खां, गुरु मां अन्नपूर्णा देवी, पंडित सुनील मुखर्जी और पंडित शंभू दयाल केडिया के शिष्य केडिया बंधुओं ने अपनी प्रस्तुति का आगाज राग देश में आलाप जोड़ के साथ विलंबित तीन ताल से किया। जब उन्होंने द्रुत तीन ताल छेड़ी तो संगीत प्रेमी ने जमकर दाद दी। इस पेशकश में तान एवं तोड़े की सफाई में दोनों मूसीकारों ने अपने मैहर घराने की झलक से सभी का मन मोह लिया। संभवतः 50 साल से लगातार सरोद-सितार की जुगलबंदी करने वाली देश की इस पहली जोड़ी ने राग पीलू में दादरा ताल में बंदिश से समां तो बांधा ही, साथ ही परफोरमेंस के दौरान कई रागों का समावेश कर शानदार नवाचार से खूब वाहवाही लूटी। उन्होंने परफॉरमेंस को बापू के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' के साथ विराम दिया। उनके साथ तबले पर प्रसन्न जीत पोद्दार ने संगत की। बकौल संगीत समीक्षकों के भारत रत्न सम्मान पाने वाले पंडित रविशंकर और उस्ताद अली अकबर खां की सितार-सरोद की जुगलबंदी के बाद वर्तमान में केडिया बंधुओं की सबसे सफल सितार-सरोद डुएट मानते हैं।



### 'ऋतु वसंत' बना यादगार

पश्चिम क्षेत्र संस्कृति केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि बीते तीन दिनों में शास्त्रीय संगीत और नृत्य को समर्पित ऋतु वसंत में उमड़े दर्शकों की रुचि देख संगीत प्रेमियों ने क्लासिकल के भविष्य को लेकर काफी संतोष महसूस किया। इस मर्तबा शानदार क्यूरेशन के साथ प्रस्तुतियां दी गईं। इन प्रस्तुतियों ने एक बार फिर इस उत्सव को यादगार बना दिया। उत्सव के दौरान सभी संगीतज्ञों और डांस ग्रुप्स को मंच पर सम्मानित किया गया।

### छा गई साध्या ग्रुप की नृत्य प्रस्तुति



देश-विदेश के कई बड़े कलाकारों के लिए अपनी देह बिछाने वाले शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी मंच ने रविवार को शायद तब खुद को भी धन्य महसूस किया जब समूची भारतीय नृत्य कला के साथ साध्या ग्रुप ने अपना फिनाले पेश कर नृत्य कला का ऐसा अपूर्व और बेमिसाल प्रदर्शन किया, जिस पर क्लासिकल के जानकार तो झूमे ही, इससे दूर रहने वाले दर्शक भी वाह-वाह कर उठे। इससे पूर्व पार्श्व में चल रहे शंकर महादेवन की प्रसिद्ध गणेश वंदना पर जब प्रसिद्ध कोरियोग्राफर संतोष नायर के निर्देशन में साध्या ग्रुप ने क्लासिकल नृत्य के साथ गणेश वंदना पेश की तो मंच पर प्रथम पूज्य साकार हो गए। प्ले बैक के साथ इस अनूठे प्रयोग ने क्लासिकल प्रेमियों का दिल जीत लिया। वहीं, भरत नाट्यम, ओडिसी और कथक और मयूरभंज छाउ के अद्भुत समन्वय के साथ लॉर्ड शिवा की स्तुति पेश से शिव के सामने होने का अहसास कला प्रेमियों को करवा दिया। फिर, मोहिनी अट्टम, कथक, भरत नाट्यम और छाउ नृत्यों के साथ आर्ट हेरिटेज यानी विरासत की पेशकश से तमाम शास्त्रीय नृत्य प्रेमियों की खूब दाद पाई। वहीं, केरल के दो प्रसिद्ध डांस कथकली और भरत नाट्यम का अनूठे समन्वय की पेशकश देख सुधी दर्शक अभिभूत हो गए। इसके साथ ही दक्षिण भारत का लोकप्रिय नृत्य 'तिलाना' की बेमिसाल प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। तो, शुद्ध मयूरभंज छाउ के जादू में दर्शक मंत्र मुग्ध से बैठे थे कि शुद्ध कथक में तराना की खूबसूरत प्रस्तुति ने उनकी तंद्रा तोड़ तालियां बजाने को उन्मुक्त कर दिया।






## जोधपुर में रामपाल जाट ने किया आह्वान

# 11 मार्च को 500 ट्रैक्टरों के साथ किसान करेंगे जयपुर के लिए कूच



**बेधड़क | जोधपुर**

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का कानून बनाने की मांग को लेकर चल रहे किसान आंदोलन की कड़ी में अब 11 मार्च को 500 से अधिक ट्रैक्टर जयपुर के लिए कूच करेंगे। टैक्टर ट्राली रैली के लिए जयपुर में स्थान उपलब्ध कराने के लिए पुलिस कमिश्नर जयपुर को पत्र प्रेषित किया गया है।

गिरफ्तारी से छूटते ही किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एवं उनकी टीम आन्दोलन के लिए तैयारी में जुट गई है। इसके तहत 11 दिवसीय राज्यव्यापी जन जागरण अभियान की घोषणा करने के बाद जोधपुर सर्किट हाउस में उन्होंने किसान प्रतिनिधिमंडल को सम्बोधित किया। रामपाल जाट ने जोधपुर के किसान भवन पहुंच कर दिल्ली सीमा पर चल रहे आन्दोलन में शहीद हुए किसान को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को ट्रैक्टरों से किसानों का कूंच आरम्भ हुआ। इसमें टोंक जिले से 106 ट्रैक्टरों के द्वारा जयपुर कुंच किया गया था, जिन्हें पुलिस थाना बरोनी के क्षेत्र में रोक लिए। इसके बाद किसानों ने वहां पड़ाव डाला जो रात 12:30 बजे तक चला था। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट एवं अजमेर जिले के महामंत्री रामेश्वर कटसूरा की गिरफ्तारी के कारण 21 फरवरी को अजमेर जिले से ट्रैक्टर कूच नहीं हो सका था।

### BJP नेता रामनिवास मीणा व रविंद्र मीणा ने किया सीएम का स्वागत

**करौली।** ईआरसीपी की स्वीकृति पर रविवार को करौली के राजकीय महाविद्यालय में धन्यवाद सभा को संबोधित करने पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी का भाजपा नेता पानी वाले बाबा रामनिवास मीना और एडवोकेट रविन्द्र मीना ने माला और साफा पहनाकर \स्वागत किया।

धन्यवाद सभा को संबोधित करते हुए पानी वाले बाबा रामनिवास मीना ने कहा कि ईआरसीपी की स्वीकृति के लिए वे चार साल से पूर्वी राजस्थान के आमजन को जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए किसान महापंचायतें महिला महासभाएं आयोजित की गई। वे हर महासभा में आह्वान करते थे कि डबल इंजन की सरकार ही पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों को ईआरसीपी की सौगात देगी। रामनिवास मीना ने कहा कि राजस्थान और केंद्र की भाजपा सरकार ने ईआरसीपी को स्वीकृति प्रदान कर पूर्वी राजस्थान की बड़ी मुराद पूरी करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को भी सही साबित कर दिया है। इसके लिए रामनिवास मीना और रविंद्र मीना ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## जान को खतरा होने के बावजूद हटाई सुरक्षा

# बेखौफ बदमाशों ने रेप पीड़िता पर चाकू से किया हमला, फिर गोली मारी

**बेधड़क | कोटपूतली**

जिले में दो बदमाशों की ओर से दुष्कर्म पीड़िता पर जानलेवा हमला करने सनसनीखेज मामला सामने आया है। बदमाशों ने दुष्कर्म पीड़िता पर पहले चाकू से हमला किया। इसके बाद उसे गोली मार दी।

आरोपी पीड़िता पर तक तक चाकू से वार करते रहे जब तक वह अधमरी हालत में नहीं हो गई। इसके बाद पीड़िता के मरी हुई समझकर हमलावर भाग गए। वहीं इस घटना को लेकर सामने आया है कि जान का खतरा होने के बावजूद पीड़िता की सुरक्षा में लगे जवानों को हटा दिया गया था। यह घटना शनिवार शाम करीब 7:30 बजे प्रागपुरा कस्बे की है। जानकारी के अनुसार, रेप पीड़िता अपने भाई के साथ स्कूटी पर बैठकर पावटा से प्रागपुरा जा रही थी। इसी दौरान रेप के आरोपी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पीड़िता पर चाकू से हमला कर दिया और बाद में उसे गोली मार दी।



पीड़िता को घायल अवस्था में पावटा के सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल रेफर किया गया। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि पीड़िता के भाई ने मुख्य हमलावर का नाम राजेंद्र यादव बताया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी महेश उर्फ महिपाल गुर्जर को डिटेन भी कर लिया है। राजेंद्र और उसके एक अन्य साथी को पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए टीम गठित कर तलाशी शुरू कर दी है।

### पीड़िता ने पुलिस में की थी शिकायत

परिजनों के अनुसार, पीड़िता और उसका भाई एक ही फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं। जून 2023 में प्रागपुरा की रहने वाली इस लड़की से रेप हुआ था। पीड़िता ने अपने साथ हुई हैवानियत को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई। कुछ दिनों बाद पीड़िता ने फिर प्रशासन को शिकायत करते हुए बताया कि आरोपी उससे मारपीट, अश्लील फोटो और वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इस पर प्रशासन ने पीड़िता की सुरक्षा में दो गार्ड लगा दिए, जिन्हें दो दिन बाद ही हटा दिया गया। परिजनों का कहना है कि दुष्कर्म के आरोपियों ने ही हमला किया है। यह पूरी वारदात प्रागपुरा पुलिस थाने से महज 20 मीटर की दूरी हुई। आरोपी राजेंद्र और उसके साथी ने दोनों भाई-बहन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने रेप पीड़िता के गर्दन और कान पर चाकू से हमला किया। इसके बाद रेप पीड़िता के सीने पर गोली मार उसे गंभीर घायल कर दिया। आरोपियों को लगा कि रेप पीड़िता मर गई है तो उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए।

### गुस्साए ग्रामीणों ने थाने का किया घेराव

घटना के बाद कस्बेवासियो में रोष व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीण पुलिस थाने पहुंचे और प्रागपुरा थाने का घेराव किया। गुस्साएं ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो शायद यह घटना घटित नहीं होती। उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए पुलिस की कार्य शैली पर सवाल खड़े किए। ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना पर डीएसपी रोहित सांखला मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश कर आरोपियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए पेश किए प्रोग्राम

# IGNOU ने लॉन्च की कृषि आधारित 16 पाठ्यक्रमों की शृंखला

**बेधड़क** | जयपुर

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने कृषि के भीतर उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की एक शृंखला शुरू की है। इच्छुक उम्मीदवार इग्नू के ऑनलाइन कृषि पाठ्यक्रमों के लिए आधिकारिक वेबसाइट ignou.ac.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आधिकारिक घोषणा के अनुसार, कार्यक्रमों में कृषि के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर 16 पेशकश शामिल हैं। कार्यक्रम प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र, स्नातकोत्तर डिप्लोमा और मास्टर डिग्री के रूप में पेश किए जाएंगे।



### 29 को बंद होंगे आवेदन

इग्नू 29 फरवरी को जनवरी 2024 सत्र के लिए ऑनलाइन मोड में ओडीएल में पेश किए गए सभी कार्यक्रमों के लिए पुन: पंजीकरण बंद कर देगा। ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार ignouadmission.samarth.edu.in पर पंजीकरण कर सकते हैं और जो उम्मीदवार नामांकन करना चाहते हैं वे ऑनलाइन मोड कार्यक्रम के लिए ignouiop.samarth.edu.in पर पंजीकरण कर सकते हैं।

इन पाठ्यक्रमों में डेयरी फार्मिंग, जैविक खेती, मधुमक्खी पालन, पोल्ट्री उत्पादन, रेशम उत्पादन, कृषि नीति, कृषि लागत प्रबंधन, जल और वाटरशेड प्रबंधन, डेयरी प्रौद्योगिकी, मांस प्रौद्योगिकी, फलों और सब्जियों से मूल्यवर्धित उत्पाद, बागवानी, कृषि व्यवसाय और खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता प्रबंधन जैसे विषय शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, कृषि और संबंधित क्षेत्रों के कार्यक्रम छात्रों को रोजगार के कई विकल्प प्रदान करते हैं।

### एग्री-बिजनेस स्किल्स के विकास पर जोर

ये पाठ्यक्रम छात्रों को उपयोगी कौशल प्रदान करेंगे जिनकी कृषि-खाद्य क्षेत्र में उच्च मांग है। ये कार्यक्रम जैविक खेती, अनुबंध खेती, किसानों के उत्पादक उद्यमों, प्रबंधन, प्रसंस्करण और कृषि-इनपुट के विपणन जैसे कृषि-स्टार्ट-अप उद्यमों में भाग लेने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कौशल भी प्रदान करते हैं। इग्नू अिधकारियों ने इन पाठ्यक्रमों की शुरुआत करते हुए कहा कि अपने 21 अध्ययन विद्यालयों में से इग्नू का कृषि विद्यालय अपने हितधारकों में रोजगारपरक कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें किसान, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवा, तकनीशियन और कृषक महिलाएं शामिल हैं। स्कूल का लक्ष्य मुक्त और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कृषि और संबंधित क्षेत्रों में आजीविका बढ़ाना है।

## Yuva स्टोरीज



### बच्चों ने प्रदर्शनी में दिखाए प्रतिभा के रंग

**जयपुर।** कुन्दन पुरा स्थित गोल्डन एरा एकेडमी मे बच्चों आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी प्रतिभा के अनूठे रंगों का प्रदर्शन किया। एकेडमी की प्रधानाध्यापिका पवनदीप कंग ने बताया कि कक्षा नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में शिक्षा को वास्तविक रूप दिया गया। इस प्रदर्शनी मे बच्चों ने अर्ली ह्यूमन्स, मैट्रो सिटी, अलग-अलग राज्यों के भोजन, नेशनल सिंबल्स व अलग-अलग सीजन्स से संबंधित प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी देखने आए बच्चों के अभिभावक भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर उत्साहित नजर आए। शिक्षकों ने बच्चों के द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स की सराहना करते हुए उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया व बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

### बोर्ड परीक्षाओं के लिए कंट्रोल रूम शुरू

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा सत्र 2023-24 के लिए कंट्रोल रूम शुरू कर दिया है। परीक्षा संबंधी किसी भी शिकायत के लिए बोर्ड कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 0145-2632866, 2632867, 2632868 पर सम्पर्क किया जा सकता है। परीक्षार्थियों के नामांक, केन्द्र संबंधी जानकारी बोर्ड वेबसाइट https://rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। गौरतलब है कि राजस्थान बोर्ड की 12वीं की परीक्षाएं 29 फरवरी से और 10वीं की परीक्षाएं 7 मार्च से शुरू होंगी। 50 जिलों के 6641 केंद्रों पर परीक्षा होगी। इनमें 19.39 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। 12वीं की परीक्षाएं 29 फरवरी से 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। 10वीं की परीक्षाएं 7 से 30 मार्च तक होंगी। सभी परीक्षा सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक होंगी। इस बार परीक्षा में नया नकल विरोधी कानून भी प्रभावी होगा। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में नकल विरोधी विधेयक राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा विधेयक 22 में पारित किया गया है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित सभी निगम बोर्ड इस विधेयक के दायरे में हैं। परीक्षार्थी द्वारा अनुचित साधन का उपयोग करने पर उसके विरुद्ध इन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### सांख्यिकी अधिकारी परीक्षा में बैठे 29.11% अभ्यर्थी

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सांख्यिकी अधिकारी (सांख्यिकी विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 रविवार को आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए जयपुर जिला मुख्यालय पर 41 व अजमेर जिला मुख्यालय पर 30 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के एक घंटे पहले तक ही केन्द्र पर कैंडिडेट्स को चेकिंग के बाद प्रवेश दिया गया। जयपुर में 11 हजार 602 में से 4 हजार 139 कैंडिडेट्स परीक्षा में शामिल हुए। अजमेर में 9565 में से 2023 उपस्थित रहे। यहां उपस्थिति 21.15 प्रतिशत रही। परीक्षा में कुल उपस्थिति 29.11 प्रतिशत रही। परीक्षा में ओएमआर शीट के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। सुबह नौ बजे से केन्द्रों के बाहर भीड़ जुटना शुरू हो गई। सुबह दस बजे तक प्रवेश दिया गया। परीक्षा सुबह 11 बजे से शुरू हुई जो दोपहर डेढ़ बजे तक चली।




### स्वदेशी प्रौद्योगिकी और नवाचार पर मंथन

**जयपुर।** सोसायटी फॉर मटेरियल्स केमिस्ट्री-जयपुर चैप्टर और राजस्थान यूनिवर्सिटी के पीजी स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज की ओर से 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियां' विषय पर व्याख्यान शृंखला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य वैज्ञानिक केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, लखनऊ प्रो. अरुण के सिन्हा और हाइड्रोजन एनर्जी और कैटलिसिस सेक्शन भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मृणाल पाई ने स्वदेशी प्रौद्योगिकी और नवाचार पर उत्कृष्ट व्याख्यान दिए। प्रो. अरुण सिन्हा ने नवाचार और उद्यमिता अनुसंधान में नवीनतम प्रवृत्तियों पर चर्चा की और नवाचारों की समाज में भूमिका और संकट के समय में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हर्बल उत्पादों, प्राकृतिक रंगों और न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों के सतत उपयोग पर अपने व्यापक शोध कार्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। डॉ. मृणाल पाई ने 'हरित हाइड्रोजन उत्पादन की ओर कदम शून्य उत्सर्जन' पर अपने व्याख्यान में, हरित हाइड्रोजन के उत्पादन में अपने रिसर्च समूह की सफलताओं को साझा किया। इस व्याख्यान में स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को उजागर कर स्वदेशी नवाचारों के महत्व को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. नीलिमा गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में विकसित भारत की दृष्टि को प्राप्त करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

## मेंटल हेल्थ पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

# जीवन में आगे बढ़ना है तो स्ट्रेस से दूर रहना जरूरी

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान यूनिवर्सिटी के साइकॉलोजी डिपार्टमेंट, एसएमएस मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के साइकेट्रिस्ट सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस 'मेंटल हेल्थ एट क्रॉस रोड्स : कंटेम्प्ररी मोडलिटीज एंड स्ट्रेटेजीज फॉर प्रमोशन ऑफ हेल्थ एंड वेल-बीइंग' में विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए समसामयिक तौर तरीकों व रणनीतियों पर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस के दौरान विभिन्न वर्कशॉप्स व सेमिनार आयोजित की गईं। ये कार्यक्रम राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान 2.0 के प्रोजेक्ट 13, 'साइकोलॉजिकल इंटरवेंशंस फॉर प्रमोशन ऑफ होलिस्टिक हेल्थ एंड वेल-बीइंग' के अंतर्गत किया गया। मानसिक स्वास्थ्य के सांस्कृतिक आयामों पर विशेष जोर देते हुए जेएलएन मार्ग स्थित एमएमटीटीसी लॉन में साइंटिफिक सेशन का आयोजन हुआ जिसमें पांच मुख्य विषयों 'स्वास्थ्य संवर्धन रणनीतियां और अभ्यास', 'मनोरोग निदान और चिकित्सीय चुनौतियां', 'सकारात्मक मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेप', 'मन और मस्तिष्क संबंध', 'सामाजिक और सांस्कृतिक प्रभाव' के विभिन्न रूपों पर मंथन किया गया। साथ ही 'प्रैक्टिसेज एंड मॉडेलिटीज ऑफ ट्रीटमेंट: एफिशियेन्सी इन डीलिंग विद डायग्नोसिस, स्टिग्मा एंड रिहैबिलिटेशन' पर पैनल डिस्कशन आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा के एमडी यूनिवर्सिटी के प्रो. राजबीर सिंह, कंसलटेंट डॉ. रूप सिधाना, पुणे के सिम्बायोसिस कॉलेज से प्रो. अल्पना वैद्य और पुणे से एसपी पुणे यूनिवर्सिटी प्रो बीआर शेजवाल ने मनोरोग और मेन्टल हेल्थ के ट्रीटमेंट में संसाधनों की कमी, सोशल प्रेशर आदि पर चर्चा की। यूएसए के एडम सीपोला ने डिजिटल माध्यम से स्टूडेंट्स की इमोशनल सेंसेशंस और सायकी लेयर, रिलेशनशिप्स और खुद को हील करने के विषय में वर्कशॉप दी गई। कार्यक्रम के समापन के दौरान प्रो. ओपी शर्मा, प्रो. सुशीला पारीक, डॉ. चन्द्राणी सेन के नेतृत्व में सर्टिफिकेट वितरण समारोह हुआ और उन्होंने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।








### मेंटल हेल्थ पर बात करने से बचते हैं लोग

कार्यक्रम के दौरान डॉ. ललित बत्रा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सायकोलॉजी और साइकेट्रिक के बीच में एक सेतु का काम करते हैं जो इस तरह के सोशल इश्यू के लिए काफी मत्वपूर्ण है। आज भी लोग मेंटल हेल्थ और डिसऑर्डर की बात करने से बचते हैं। अपने घरों में आज भी बच्चों से इस प्रकार की बात नहीं की जाती। उन्हें ये नहीं सिखाया जा रहा कि जीवन के हर भाव को किसी तरह से अनुभव किया जाना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम की गिनती बढ़ती रहनी चाहिए और ज्यादा से ज्यादा युवा व बच्चों को इनमें भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। गुजरात से सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी के पूर्व वाईस चांसलर प्रो. गिरीश भिमानी ने कहा कि मौजूदा समय में लोगो के स्वास्थ की सेवा गंभीर है मगर साथ ही लोगों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य सेवा में भी इन कुछ सालों में काफी बढ़ोतरी हुई है और बीते कुछ सालों की विषम परिस्थियों को देखते हुए लोगों में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ के लिए भी जागरूकता बढ़ी है। मगर अभी भी ऐसे बहुत सी जगह है जहां सुधार की आवश्यकता है।



### हर्ष टेक्नो ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव

# आकर्षक परिधानों में इठलाए बच्चे

**बेधड़क** | जयपुर

सोडाला स्थित हर्ष टेक्नो ग्लोबल स्कूल के रविवार को आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों ने अपनी लाजवाब प्रतिभा से समां बांध दिया। वार्षिकोत्सव का आयोजन खंडेलवाल महासभा भवन, आरपीए रोड पर किया गया।

समारोह का मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार की वेशभूषा में सजे बालकों की प्रस्तुतियां रही। स्कूल के बालकों के अलावा उनके परिजनों ने भी प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिविल विधायक गोपाल शर्मा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर महापौर हेरिटेज मुनेश गुर्जर एवं संस्थापक सांता किड्स संजू सचदेवा रही। स्कूल प्रिंसिपल सुशीला यादव ने बताया कि इस मौके विधायक गोपाल शर्मा ने देश की भावी पीढ़ी का भविष्य और बालकों की शिक्षा को लेकर नवाचारों के लिए शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने आज की पीढ़ी को उच्च कोटि की शिक्षा के साथ ही मूल संस्कृति से भी जोड़ने का आह्वान किया।

महापौर मुनेश गुर्जर ने बच्चों में शिक्षा को सर्वोपरि मानते हुए कहा कि आज जो बालक शिक्षा संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं वे ही कल देश का भविष्य तय करेंगे। इसमें शिक्षकों के साथ ही अभिभावक भी बच्चों की उतनी ही जिम्मेदारी समझें। बच्चों ने मंच पर डीजे की धुन पर देश भक्ति और संस्कृति से संबंधित एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से पूरे सभा कक्ष को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक सहित अनेक लोगों ने आयोजन मे शिरकत की।

# परीक्षा में मिलने वाले अंक ही सब कुछ नहीं

**कोटा।** कोटा कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने स्टूडेंट्स के साथ डिनर करते हुए उनके साथ संवाद किया। कलेक्टर ने बच्चों को सीख दी कि परीक्षा के अंकों से ही जीवन की दशा और दिशा तय नहीं होती, इससे आगे बढ़कर सोचें और जीवन में कुछ बड़ा करें। राजीव गांधी नगर स्थित एक रेजीडेंसी में कोचिंग विद्यार्थियों ने संवाद कर जिज्ञासा शांत की और सफलता के मंत्र भी जाने। कलेक्टर ने कहा कि खुद की कमियों और मजबूत पक्ष को पहचानें और समस्याओं को चुनौती की तरह लें। पढ़ाई की नीरसता दूर करने के लिए परिवार और दोस्तों से संपर्क हमेशा बनाए रखें। उन्होंने मोबाइल का उपयोग कम करने की भी सलाह दी। डिनर विद कलेक्टर अभियान में हॉस्टल की नोडल अधिकारी सुनीता डागा, कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल और महासचिव पंकज मौजूद रहे।

## अवसर | ICSI नें जारी किया शेड्यूल

# CS एक्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल के लिए रजिस्ट्रेशन आज से

**बेधड़क** | जयपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) ने सीएस एक्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल जून-2024 परीक्षाओं के कार्यक्रम की घोषणा की है और महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं।

आईसीएसआई के अनुसार परीक्षा के लिए नामांकन प्रक्रिया 26 फरवरी से शुरू होगी। उम्मीदवार आईसीएसआई सीएस एक्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल जून-2024 परीक्षाओं के लिए 25 मार्च तक icsi.edu पर आवेदन कर सकेंगे। सीएस एक्जीक्यूटिव परीक्षा के लिए पात्रता मानदंड के अनुसार छात्रों को ऑनलाइन प्री-एग्जामिनेशन टेस्ट और एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम पूरा करना होगा। सीएस प्रोफेशनल के लिए भी छात्रों को परीक्षण पूरा करना होगा।




आईसीएसआई के मुताबिक छात्रों को एक्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल परीक्षा सत्र में नामांकन के लिए उस परीक्षा नामांकन सत्र की कट-ऑफ तारीख से एक कार्य दिवस पहले (विलंब शुल्क के साथ या बिना) शाम 5:30 बजे तक प्री-एग्जाम टेस्ट पूरा करना होगा। सीएस एक्जीक्यूटिव व प्रोफेशनल परीक्षाओं के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को प्रति मॉड्यूल 1200 रुपए का भुगतान करना होगा। विलंब शुल्क के साथ-साथ मॉड्यूल, परीक्षा केंद्र, माध्यम या विकल्प विषय में बदलाव के लिए शुल्क 250 रुपए है।

### सीएस एक्जीक्यूटिव, प्रोफेशनल जून-2024 का यह है शेड्यूल

- नामांकन के लिए प्रारंभ तिथि, मॉड्यूल जोड़ना, उच्च योग्यता के आधार पर छूट का दावा करना---- 26 फरवरी
- नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि, मॉड्यूल जोड़ना बिना विलंब शुल्क के---- 25 मार्च
- नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि, मॉड्यूल जोड़ना विलंब शुल्क के साथ---- 9 अप्रैल
- उच्च योग्यता के आधार पर छूट के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि---- 9 अप्रैल
- नामांकन सेवाएं---- 1 मई

आईसीएसआई के मुताबिक यदि कोई छात्र विदेशी केंद्र, दुबई चुनता है, तो निर्धारित परीक्षा शुल्क के अलावा 100 अमेरिकी डॉलर या भारतीय रुपए में इसके बराबर राशि 8309 रुपए का अधिभार लागू होगा। इसके अलावा, यदि कोई छात्र अपना केंद्र भारत से दुबई में बदलना चाहता है, तो उन्हें भी परीक्षा शुल्क के अलावा यह अधिभार देना होगा।

# हिन्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तान के समर्थक सावरकर



अशोक 'प्रवृद्ध'
स्वतंत्र टिप्पणीकार




भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, इतिहासकार, वकील, कवि, लेखक, नाटककार, राजनेता तथा विचारक विनायक दामोदर सावरकर ( 28 मई 1883 - 26 फरवरी 1966 ) हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा हिन्दुत्व को विकसित करने वाले बीसवीं शताब्दी के सबसे बड़े हिन्दूवादी राजनीतिज्ञ थे। विनायक दामोदर सावरकर को बचपन से ही हिन्दू शब्द से बेहद लगाव था। और उन्होंने जीवनपर्यंत हिन्दू, हिन्दी और हिन्दुस्तान के लिए ही कार्य किया। उन्होंने भारत के बहुसंख्यकों की एक सामूहिक हिन्दू पहचान बनाने के लिए हिन्दुत्व का शब्द गढ़ा। उन्होंने परिवर्तित हिन्दुओं को हिन्दू धर्म में पुनर्वापसी हेतु सतत प्रयास किए एवं इसके लिए आन्दोलन चलाए। उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद, मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यवहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे। वे हिन्दू महासभा के प्रमुख चेहरे थे। सावरकर को छह बार अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। 1937 में उन्हें हिन्दू महासभा का अध्यक्ष चुना गया, जिसके बाद 1938 में हिन्दू महासभा को राजनीतिक दल घोषित कर दिया गया। उनकी इस हिन्दुवादी विचारधारा के कारण राजनीतिक प्रतिशोध वश स्वतंत्रता के बाद की सरकारों ने उन्हें वह महत्त्व नहीं दिया, जिसके वे वास्तविक हकदार थे।

28 मई 1883 को महाराष्ट्र तत्कालीन बॉम्बे प्रेसिडेन्सी में नासिक के निकट भागुर गाँव में पिता दामोदर पन्त सावरकर और माता राधाबाई के घर जन्मे विनायक दामोदर सावरकर की प्रारम्भिक शिक्षा नासिक और पुणे से हुई। बाद में वे लंदन जाकर वकालत की पढ़ाई करने लगे। मई 1909 में इन्होंने लंदन से बार एट ला (वकालत) की परीक्षा उत्तीर्ण की, परंतु उन्हें वकालत करने की अनुमति नहीं मिली। 1904 में अभिनव भारत नामक एक क्रान्तिकारी संगठन की स्थापना करने, 1905 में बंगाल विभाजन के बाद पुणे में विदेशी वस्त्रों की होली जलाने आदि कार्यों और अपने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत ओजस्वी भाषण देने की प्रवृति के कारण सावरकर लोकप्रियता को प्राप्त करने लगे थे। इंडियन सोशियोलाजिस्ट और तलवार आदि पत्रिकाओं में उनके लिखे लेख प्रकाशित होने लगे थे, जो बाद में कलकत्ता के युगान्तर पत्र में भी छपे। सावरकर रूसी क्रान्तिकारियों से प्रभावित थे। सावरकर ने 1857 की क्रान्ति पर आधारित पुस्तकों का गहन अध्ययन कर द हिस्ट्री ऑफ़ द वॉर ऑफ़ इण्डियन इण्डिपेण्डेन्स नामक पुस्तक लिखी। उनके लन्दन प्रवास के समय 1 जुलाई 1909 को मदनलाल ढींगरा द्वारा विलियम हट कर्जन वायली को गोली मार दिये जाने के बाद उन्होंने लन्दन टाइम्स में एक लेख लिखा था। इसमें आरोपी बनाकर उन्हें 13 मई 1910 को पैरिस से लन्दन पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया, परंतु 8 जुलाई 1910 को एम एस मोरिया नामक जहाज से भारत ले जाते हुए सीवर होल के रास्ते ये भाग निकले। 24 दिसम्बर 1910 को उन्हें आजीवन कारावास की सजा दी गयी। इसके बाद 31 जनवरी 1911 को इन्हें दोबारा आजीवन कारावास दिया गया। इस प्रकार सावरकर को ब्रिटिश सरकार ने क्रान्तिकारी कार्यों के लिए दो-दो आजन्म कारावास की सजा दी। यह विश्व के इतिहास की पहली एवं अनोखी सजा थी। सावरकर कई अन्य मामलों में भी अनोखे और भारत के प्रथम व्यक्ति सिद्ध हुए। सावरकर भारत के पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लंदन में उसके विरुद्ध क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया। सन 1905 के बंग-भंग के बाद सन 1906 में स्वदेशी का नारा देने वाले और विदेशी कपड़ों की होली जलाने वाले सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे। अपने हिन्दू राष्ट्रवादी विचारों के कारण बैरिस्टर की डिग्री खोने वाले वे पहले भारतीय थे, जिन्होंने पूर्ण स्वतन्त्रता की मांग की। सन 1857 के संग्राम को भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग एक हज़ार पृष्ठों का इतिहास लिखने वाले वे भारत के पहले और संसार के एकमात्र लेखक थे, जिनकी पुस्तक को प्रकाशित होने के पहले ही ब्रिटिश साम्राज्य की सरकारों ने प्रतिबन्धित कर दिया था। वे संसार के पहले ऐसे राजनीतिक कैदी थे, जिनका मामला हेग के अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में चला था। वे पहले भारतीय राजनीतिक कैदी थे, जिसने एक अछूत को मन्दिर का पुजारी बनाया था। सावरकर ने ही उस पहले भारतीय ध्वज का निर्माण किया था, जिसे जर्मनी में 1907 की अंतर्राष्ट्रीय सोशलिस्ट कांग्रेस में मैडम कामा ने फहराया था। वे प्रथम क्रान्तिकारी थे, जिन पर स्वतंत्र भारत की सरकार ने भी झूठा मुकदमा चलाया और बाद में उनके निर्दोष साबित होने पर उनसे माफी मांगी। सावरकर ने भारत की वर्तमान सभी राष्ट्रीय सुरक्षा सम्बन्धी समस्याओं को बहुत पहले ही भाँप लिया था। 1962 में चीन द्वारा भारत पर आक्रमण करने के लगभग दस वर्ष पूर्व ही घोषणा कर दिया था कि चीन भारत पर आक्रमण करने वाला है। भारत के स्वतंत्र हो जाने के बाद गोवा की मुक्ति की आवाज सर्वप्रथम सावरकर ने ही उठायी थी। गाय को एक उपयोगी पशु मानने वाले सावरकर ने अपने ग्रंथ हिन्दुत्व में लिखा है कि कोई भी व्यक्ति बगैर वेद में विश्वास किए भी सच्चा हिन्दू हो सकता है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## महिलाओं का स्वास्थ्य और पोषण समाज के विकास में समृद्धि की कुंजी

# स्वस्थ महिला ही सुधार सकती है समाज



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"भोजन में उपस्थित आयोडीन घेंघा या गायटर नामक बीमारी (गर्दन के सामने के भाग में मौजूद थायराइड ग्रंथि का आकार बढ़ जाना) तथा अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम करती है। अगर किसी महिला को गर्भावस्था में पर्याप्त आयोडीन नहीं मिलता है तो उसको पैदा होने वाला शिशु मानसिक रूप से मंद बुद्धि हो सकता है। गायटर तथा मंद बुद्धि होना उन क्षेत्रों में सबसे अधिक पाया गया है, जहां के पानी भूमि व भोजन में प्राकृतिक आयोडीन की कमी होती है।"*

महिलाओं का स्वास्थ्य और पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है, क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है, और इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए, हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने, बिमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है। लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते है लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।



आज के इस लेख मे हम चर्चा करेंगें भुखमरी और अच्छा भोजन न खा पाने के विषय पर जिसमें सबसे प्रमुख है गरीबी। भगवान ने प्रकृति में हर चीज का संतुलन बनाया है इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तम्बाकू उगाते हैं क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं।

गरीबी रेखा का सबसे कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो, महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है, क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात वे सबसे अन्त में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी का दर्जा नहीं मिलता है ।

इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी, बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ में वृधि कर सकते हैं और जब लोगों को पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं।

**स्वास्थ्य की अवधारणाः** महिलाओं का स्वास्थ्य एक व्यापक शब्द है, जिसमें उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक क्षेत्रों की सेहत शामिल है। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना, मानसिक स्थिति का स्थिर होना, और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है। महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है, उन्हें रोगों से बचाता है, और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है, बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है।

**महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभालः** संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल, सब्जियाँ, अनाज, प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप महिलाओं को नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। महिलाओं का स्वास्थ्य और पोषण समृद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। समाज को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल में विशेष ध्यान देना चाहिए। यह समृद्धि और प्रगति की एक महत्वपूर्ण उपाय है।

**मुख्य खाद्य पदार्थ और सहायक खाद्य पदार्थः** विश्व के अधिकांश भागों की तरह, भारत में भी अधिकतर लोग, लगभग हर भोजन में कोई सस्ता मुख्य खाद्य पदार्थ खातें हैं । क्षेत्र पर निर्भर करते हुए यह गेहूँ, चावल , मक्का , बाजरा या आलू हो सकता है। यह मुख्य खाद्य पदार्थ ही शरीर की अधिकतर दैनिक आवश्यकताओं को पूर्ति करता है। लेकिन केवल यह मुख्य खाद्य पदार्थ अकेले ही व्यक्ति को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त नहीं है। अन्य "सहायक" खाद्य पदार्थों की प्रोटीन्स (जो शरीर के निर्माण के आवश्यक हैं ), विटामिन व खनिज तत्व (जो शरीर की रक्षा व मरम्मत के लिए चाहिए) तथा वसा (चिकनाई) और चीनी (जो शक्ति या उर्जा देते हैं ) की प्राप्ति के लिए आवश्यकता पड़ती है। सबसे पौष्टिक भोजनों में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ सम्मिलित होते हैं। इनमें कुछ प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ तथा विटामिन क्युक्त ताजे फल व सब्जियां अवश्य होती हैं। प्रतिदिन आपको वसा व चीनी की बहुत कम मात्रा की आवश्यकता होती है। लेकिन अगर आपको पर्याप्त मात्रा में भोजन न मिलने की समस्या है तो अच्छा यही होगा कि आप कम भोजन खाने की बजा, वसा व चीनी युक्त खाद्य पदार्थ अधिक मात्रा में खायें। एक महिला के स्वस्थ रहने के लिए नीचे दर्शाय गए सभी खाद्य पदार्थ खाने की आवश्यकता नहीं है। वह अपनी आदत के अनुसार एक मुख्य खाद्य पदार्थ खा सकती है और उसके साथ स्थानीय रूप से उपलब्ध, जितने अधिक हो सके, सहायक खाद्य पदार्थ खाए। ऐसे 5 महत्वपूर्ण विटामिन व खनिज हैं जिनकी महिलाओं को आवश्यकता होती है विशेषकर उन महिलाओं के लिए जो गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही है । ये हैं, लौह तत्त्व, फोलिक, एसिड, कैल्सियम. आयोडीन तथा विटामिन 'ए'। हर मनुष्य को मजबूत दांतों व हड्डियों के लिए कैल्सियम की आवश्यकता होती है। महिलाओं व लड़कियों को अतिरिक्त मात्रा में कैल्सियम चाहिए। गर्भावस्था में एक महिला को पर्याप्त मात्रा में कैल्सियम चाहिए ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे की हड्डियों और उसकी खुद हड्डियां व दांत मजबूत रहे। स्तनपान कराने से काल में स्तनों में दूध पर्याप्त मात्रा में बनने के लिए कैल्सियम चाहिए। प्रौढ़ावस्था तथा वृधावस्था में ओस्तिओपोरोसिस (हड्डियों का कमजोर व भुरभुरा होने की बीमारी ) की रोकथाम के लिए कैल्सियम चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# 12वीं फेल



संतोष दिवाकर
व्यंग्यकार

घड़ी की तीनों सूई 12:00 बजे एक हो जाती है जैसे संकट के समय देश एक रहता है और जब कोई व्यक्ति दूसरे की सफलता से कुढ़ जाता है तो लोग कहते, दूसरे की सफलता का समाचार सुनकर उसके चेहरा पर 12:00 बजने लगा। 12वें वर्ष से किशोरावस्था प्रारंभ हो जाता है जो मानव के जीवन का शारीरिक एवं मानसिक संक्रमण का काल होता है और खुदा न खासता 12वीं में फेल कर गए तो आगे का रास्ता संक्रमित प्रतीत होने लगता है। शिशु के जन्म के बारहवें दिन उत्सव/जश्न मनाया जाता है और मृत्यु के बारहवें दिन श्राद्ध कर्म होता है। मनुष्य के जन्म कुंडली में भी 12 राशि होता है और बारह माह का एक वर्ष होता है। 24 घंटा का दिनरात होता है जिसका आधा 12 घंटा होता है और संगीत में 12 स्वर होता है और शिक्षा के क्षेत्र में जो 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर लेतें है उनके लिए चिकित्सा,अभियंत्रण आदि में प्रवेश का द्वार खुल जाता है। जो परीक्षा में असफल हो जाते हैं उन्हें असफलता ही सफलता की जननी है, ऐसा बहुत सा मुहावरा/ लोकोक्ति सुनाया जाता है ताकि वो सफलता प्राप्त कर सके। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मेडिकल, इंजीनियरिंग,प्रबंधन आदि क्षेत्रों में नामांकन होता और जो 12वीं में फेल हो जाते हैं वो इन संस्थानो में नाम नही लिखवा पाते है वो अन्य क्षेत्रों का रूख कर लेते हैं जहां भाग्य आजमाने के लिए किसी बोर्ड/ विश्वविद्यालय के डिग्री की आवश्यकता नहीं होती है।

12वीं फेल फिल्म को कई पुरस्कार मिले हैं इन पुरस्कारों को देखकर तो ऐसा लगता है कि काश! मैं भी 12वीं कक्षा में फेल क्यों नही हुआ? फिल्म ने जो कमाई की है और पुरस्कार प्राप्त कर रहा है, प्रशंसा प्राप्त कर रहा है उसे देखते हुए ऐसा लगता है कि कहीं 12वीं फेल एक डिग्री न हो जाए? यूं इंटर और 12वीं वर्ग एक ही है या यूं कहें एक ही थैली के चट्टेबट्टे है लेकिन 12वीं फेल फिल्म के आ जाने से विद्यार्थी अब इंटर के बदले 12वीं वर्ग का विद्यार्थी कहलाना पसंद करते है; यह सोचकर कि क्या ठिकाना 12वीं में फेल करने के बाद उनमें भी नया जोश आ जाए और आईएएस बन जाए, उन पर भी फिल्म बने और पूरी दुनिया में नाम हो जाए।

यहां स्वर्गीय यशपाल द्वारा लिखित कहानी अखबार में नाम याद आ रही है जिसमें गुरदास नाम का छात्र अखबार में नाम छपवाने के लिए गाड़ी से धक्का खा लेता है, वैसे ही कहीं कुछ छात्र 12वीं में फेल होने का ना सोच ले ताकि आगे आने वाले दिनों में उन पर भी एक फिल्म बन जाए? आने वाले समय में हो सकता है कि इंटरव्यू बोर्ड में पूछा जाए कि क्या आप 12वीं फेल हैं, यदि नहीं हैं तो क्यों नहीं है! क्या इस सिनेमा से प्रभावित होकर आपने फेल होने का इरादा नहीं किया?

उपन्यासकार नाम कमा रहे हैं, पैसा कमा रहे हैं, निर्माता मालामाल हो गए, फिल्म में काम करने वाले मालामाल हो गए और जो इस फिल्म से प्रेरणा लेंगे, सफलता उनके कदम चूमेगी ऐसी आशा की जाती है?

## नॉलेज कॉर्नरः हरियाणा सरकार की प्राण वायु देवता स्कीम

# इस राज्य में पेड़ों को भी मिलती है पेंशन

इंसानों को मिलने वाले पेंशन के बारे में तो आपने कई बार सुना होगा, लेकिन क्या आपने कभी ये सुना है कि कहीं पेड़ों को भी पेंशन मिलती है। सबसे बड़ी बात कि पेड़ों के लिए ये स्कीम भारत के ही एक राज्य में है। चलिए आपको बताते हैं कि आखिर किस राज्य में और कितने रुपए पेड़ों को पेंशन मिलती है। हरियाणा सरकार प्राण वायु देवता स्कीम के तहत पेड़ों को भी पेंशन दे रही हैं। हालांकि यह पेंशन सभी पेड़ों को नहीं मिलती हैं। यह पहल पुराने पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए लिया गया है।

### किन पेड़ों को मिलती है पेंशन

ये स्कीम भारत के राज्य हरियाणा में चल रही हैं। हरियाणा सरकार प्राण वायु देवता स्कीम के तहत कुछ पेड़ों को पेंशन दे रहे हैं। बूढ़े पेड़ उन्हें कहते हैं जिनकी उम्र करीब 75 साल से ज्यादा हो। ऐसे में इन पेड़ों की सही तरीके से सेवा हो इसलिए इन्हें पेंशन दी जाती हैं। इस स्कीम के तहत पीपल, बरगद जैसे पेड़ों को सालाना पेंशन दी जाती है।



### कितने पैसे मिलते है

इस स्कीम के लेकर हरियाणा सरकार का कहना है कि, वह छोटे भूमिहीन किसानों की आय को बढ़ाने के लिए इस स्कीम का योजना किया है। जो किसान इन पेड़ो का देखभाल करते हैं उन्हें सालाना 2500 रुपए पेंशन दी जाती है। इससे उन किसानों की थोड़ी मदद हो जाती हैं। वहीं सरकार का मानना है कि इसके बाद हरियाणा में लोग पेड़ काटना बंद कर देगें। बता दे कि हरियाणा में पेड़ प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है।


### काछवा गांव के लोग उठाते हैं लाभ

*बता दें कि पेड़ों के संरक्षण के मामले में काछवा व गोली गांव इस लिस्ट में सबसे आगे है। इसके अलावा सरकार का कहना है कि ऑक्सीजन की गुणवत्ता दिन- प्रतिदिन खराब होते जा रही हैं। इसलिए पेड़ों की सुरक्षा का लिए इन स्कीम की सहायता ली जा रही है।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
मैं देशभर के अपने First Time Voters से आग्रह करूंगा कि वे रिकॉर्ड संख्या में वोट करें और चुनाव आयोग के 'मेरा पहला वोट - देश के लिए' अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।



**आनंद महिंद्रा,** उद्यमी
@anandmahindra
डीआरडीओ इंडिया और महिन्द्रा डिफेन्स ने साझेदारी में बनाया व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म का एडवांस्ड वर्जन। जब सरकार और उद्योग हाथ मिलाते हैं, तो कोई ताकत नहीं है जो हमें रोक सकती है...



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यदि आप लगातार याद रखें कि आप नश्वर हैं, तो आप इस ग्रह पर धीरे और समझदारी से चलेंगे।

**लोकसभा चुनाव:** केंद्रीय गृह मंत्री का मध्यप्रदेश दौरा, बताया 100 दिन का प्लान

# अबकी बार 400 पार, कार्यकर्ताओं को शाह ने दिया जीत का मंत्र

**एजेंसी** | भोपाल

लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश का दौरा किया। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया और अबकी बार 400 पार का नारा सच करने के लिए कार्यकर्ताओं को रणनीति भी समझाई। कुछ कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ आमने-सामने बैठक कर उन्होंने आगामी 100 दिन का प्लान बताया। 10 फीसदी वोट शेयर बढ़ाने के लिए उन्होंने अभी से जोर लगाने की बात कही। हारी हुई सीटों पर जोर देने की बात कहते हुए उन्होंने नव मतदाता सम्मेलन करने, दिव्यांग और बुजुर्गों से संपर्क बढ़ाने, सहायता समूह में शामिल होने और नए मतदाताओं पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की बात कही। भोपाल में उन्होंने प्रबुद्धजनों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार से कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और बीजेपी सरकार के 10 साल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने धारा 370 हटाकर एक देश में दो संविधान की स्थिति खत्म की। इसके साथ ही लोकतंत्र से चार नासूर परिवारवाद, भ्रष्टाचार, जातिवाद और तुष्टिकरण को खत्म किया।



### 80 करोड़ लोगों को मिल रहा मुफ्त अनाज

अमित शाह ने कहा कि मध्यप्रदेश की भूमि बुद्धिजीवियों व महापुरुषों की भूमि रही है। अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद, नक्सलवाद, उग्रवाद अंतिम सांसे गिन रहा है। मोदी सरकार 80 करोड़ लोगों को 5 किलो अनाज मुफ्त देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ये मोदी की गारंटी है कि तीसरे जनादेश के बाद हमारा देश तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। आज हमारा देश हर क्षेत्र में विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है। ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसका मोदी सरकार में विकास नहीं हो रहा है। अमित शाह ने वादा करते हुए कहा मोदी ने सिर्फ 10 साल में भारत की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर ला दिया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि ये मोदी की गारंटी है।।। तीसरे टर्म में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। जनसंघ से लेकर अब तक बीजेपी ने चुनाव को कभी सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं माना।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कांग्रेस सरकार में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं था जहां भ्रष्टाचार नही हुआ हो। कांग्रेस ने आकाश, पाताल, समुद्र, धरती और अंतरिक्ष में भी भ्रष्टाचार किया है। हमारे देश की सीमाएं असुरक्षित थी, आतंकी हमले होते थे। माताएं-बहनें असुरक्षित थीं। जो केवल अपने परिवार का हित साध सकते हैं वे गरीबों, दलितों, शोषितों, किसानों या मजदूरों का हित नहीं कर सकते। वे भारत को विश्व में सम्मान नहीं दिला सकते हैं। भारत को केवल वही सम्मान दिला सकता है जो अपने जीवन का कण-कण देश को समर्पित कर सकता है। गृहमंत्री ने आगे कहा कांग्रेस ने हर चीज का विरोध किया। हमने नया संसद भवन बनाया... कांग्रेस ने विरोध किया, हमने अंग्रेजों की निशानी राजपथ को हटाकर कर्तव्य पथ बनाया...उसका विरोध किया।

## बसपा सांसद रितेश पांडे ने थामा बीजेपी का दामन



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के पार्टी बदलने का सिलसिला जारी है। अब अंबेडकरनगर से बसपा के सांसद रितेश पांडे ने इस्तीफा देकर बीजेपी का दामन थाम लिया है। रितेश पांडे ने यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में बीजेपी जॉइन की है। उन्होंने इससे पहले एक एक पत्र लिख यह घोषणा की थी कि वह बसपा की सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने बसपा सुप्रीमो मायावती पर मिलने का समय न देने का आरोप भी लगाया था। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा को लगातार अपने ही नेताओं ने इस तरह के झटके मिल रहे हैं। सांसद रितेश पांडे ने आरोप लगाया है कि बसपा प्रमुख मायावती उन्हें मिलने का समय तक नहीं दे रही थीं।

## सीबीआई के सामने पेश नहीं होंगी बीआरएस नेता



**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी की नेता के. कविता ने दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाला मामले में सीबीआई के समक्ष पेश नहीं होंगी। उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पत्र लिखकर कहा है कि वह कथित शराब नीति घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए सोमवार को सीबीआई के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकेंगी। उन्होंने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक याचिका का हवाला दिया है, साथ ही कविता ने सीबीआई से सीआरपीसी की धारा 41-ए के तहत जारी किए गए समन को वापस लेने को कहा है।

**राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल हुए सपा प्रमुख**

# देश में नफरत फैला रही भाजपा की विदाई होना तय: अखिलेश

■ टेड़ी बगिया से हुई रविवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत

**भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ-देश बचाओ का दिया नारा**

**एजेंसी** | आगरा

उत्तर प्रदेश के आगरा में रविवार तो राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आयोजित हुई। इसमें सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने शायराना अंदाज में भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि आगरा मोहब्बत की नगरी है।

यहां से पूरे देश में मोहब्बत का संदेश जाना चाहिए। अखिलेश ने आगरा में भाजपा हटाओ, संविधान बचाओ, देश बचाओ का नारा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा पेपर लीक करने वाली पार्टी है। इनके नेता देश में नफरत फैलाने का कार्य कर रहे हैं। नौजवानों को रोजगार नहीं है। जवान डिग्री जलाने को मजबूर हैं। यह किसानों के लिए काले कानून लेकर आते हैं।

अब भाजपा की विदाई तय है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत टेड़ी बगिया से हुई। इसमें शामिल होने के लिए राहुल गांधी अलीगढ़ से होते हुए आगरा पहुंचे।

वहीं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव भी इसमें हिस्सा लेने के लिए आगरा पहुंचे। ऐसे में टेड़ी बगिया पर समाजवादियों ने होर्डिंग और बैनर से पूरा मार्ग पाट दिया।

यात्रा राहुल गांधी की है, लेकिन रंग समाजवादी का खिला-खिला नजर आया।



### अखिलेश का किया स्वागत

अखिलेश यादव के न्याय यात्रा में शामिल होने पर वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अखिलेश यादव का स्वागत है। आज बहुत ख़ुशी का दिन है। हम सब मिलकर देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। बीजेपी की नफरत को हम मोहब्बत से हराएंगे। कांग्रेस सांसद ने बीजेपी पर गरीबों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए कहा, अगर आप गरीब हैं तो आपके साथ 24 घंटे इस देश में अन्याय होगा। नफरत का कारण अन्याय है, इसलिए हमने अपने यात्रा में न्याय शब्द को जोड़ दिया है।

### किसान आंदोलन पर क्या बोले राहुल?

एमएसपी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरते हुए उन्होंने राहुल गांधी ने कहा, किसान अपनी लड़ाई लड़ रहे हैं उनकी मांग है कि उनको लीगल MSP मिले लेकिन बीजेपी नहीं चाहती कि उनको एमएसपी मिले अगर देश में हमारी सरकार आती है तो हम किसानों की MSP देंगे। आगरा में मुहब्बत से नफरत खत्म करने का संदेश देते हुए राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा कि देश की 88 फीसदी आबादी यानी पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी समाज के लोगों की भागीदारी न सरकार में है न ही बड़ी कंपनियों में।

### अखिलेश का शक्ति प्रदर्शन

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बात बनने के बाद राहुल गांधी की यात्रा में अखिलेश यादव का शक्ति प्रदर्शन भी देखने को मिला। बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता कांग्रेस की न्याय यात्रा में पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव को सेल्फी लेते हुए भी देखा गया। अखिलेश यादव ने कहा, मैं जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं। आने वाले दिनों में सबसे बड़ी चुनौती लोकतंत्र और संविधान को बचाना है। डॉ. बीआर अंबेडकर के सपनों को पूरा करना है, जिसे बीजेपी ने बर्बाद कर दिया है। बीजेपी हटाओ, देश बचाओ। राहुल जी देश में मोहब्बत की बात करते हैं लेकिन यह शहर पूरा मोहब्बत का शहर है। हमारी लड़ाई संविधान बचाने की लड़ाई है। हमारी लड़ाई तभी सफल होगी जब उत्तर प्रदेश में भाजपा हारेगी।

**कांग्रेस अध्यक्ष का केंद्र पर निशाना**

## देश में संविधान को बदलने की हो रही साजिश: खरगे

**एजेंसी** | बंगलूरू

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल चुनावी मोड में नजर आ रही है। जहां एक तरह पीएम मोदी जनसभाओं को संबोधित कर सरकार की उपलब्धियों को बता रहे हैं। वहीं विपक्षी दल लगातार मोदी सरकार पर जुबानी हमला कर रहा है। संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन- 2024 के समापन समारोह में पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर जनता आगामी लोकसभा चुनाव में मजूबती और एकजुट होकर खड़ी नहीं होंगी, तो निश्चित ही भारत में तानाशाही होगी।

क्योंकि संविधान को बदलने की कोशिश की जा रही है। परोक्ष रूप से मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए खरगे ने कहा कि हमें एकजुट होना होगा, जनता न्याय के साथ जीवन जीना चाहती है। खरगे ने कहा कि अगर संविधान बचेगा तो इस देश की एकता बची रहेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकेगा। लेकिन दुख की बात है कि केंद्र में आज ऐसी कोई सरकार नहीं है जो संविधान की रक्षा रती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। इसलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे जरूरी है। संबोधन के दौरान खरगे ने कहा कि आप सावधान हो जाईये, क्योंकि आपको गुमराह करने की कोशिश की जाएगी।



### विधायकों की खरीद-फरोख्त क्यों?

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मौजूदा संविधान को छोड़कर एक नए संविधान बनाने की साजिश चल रही है। पीएम मोदी संविधान की रक्षा की बाते करते हैं, लेकिन संविधान के रक्षक ईडी का इस्तेमाल क्यूं कर रहे हैं। विपक्षी राज्यों के विधायकों की खरीद-फरोख्त क्यों हो रही है।

**संदेशखाली मामले पर** बोले टीएमसी सांसद

## शाहजहां शेख का बचाव नहीं कर रही तृणमूल कांग्रेस: अभिषेक

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने रविवार को पहली संदेशखाली के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अपने फरार नेता शाहजहां शेख को नहीं बचा रही है। शेख और उनके समर्थकों पर संदेशखाली की महिलाओं ने यौन शोषण और जमीन हड़पने का आरोप लगाया है।

बनर्जी ने यह भी दावा किया कि कुछ बाहरी लोग लोकसभा चुनाव से पहले इलाके में अशांति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस शाहजहां शेख को नहीं बचा रही है। हमरी किसी भी अपराध को बर्दाश्त न करने की नीति है। राज्य के विपक्षी दलों ने टीएमसी पर शाहजहां शेख को बचाने का आरोप लगाया है। वहीं, इस मामले पर टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, असम और मणिपुर में यह फैक्ट फाइंडिंग टीम कहां थी। ये भाजपा के कैडर हैं और उससे नियंत्रित हैं।

वे केवल टीएमसी सरकार को बदनाम करने के लिए यहां आ रहे हैं। भाजपा को बंगाल की जनता पर भरोसा नहीं हैं और न ही उनका उनसे कोई संबंध हैं।




**विधि सम्मेलन में बोले** सुब्रमण्यम स्वामी...

## आम चुनाव में जीत हासिल करेगी BJP

**एजेंसी** | पटना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने दावा किया कि हिंदू गौरव बढ़ने से आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी के बड़ी जीत हासिल करने की संभावना है। हालांकि, उन्होंने इसमें किसी 'मोदी मैजिक' की भूमिका को खारिज किया। स्वामी रविवार को यहां एक विधि सम्मेलन में बोले रहे थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा और इसके वैचारिक मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में व्यक्ति की तुलना में संगठन और सिद्धांत को ज्यादा महत्व दिया जाता है। स्वामी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाजपा के 370 से ज्यादा सीटें जीतने और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 400 का आंकड़ा पार करने के दावे के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा, "मेरा मानना है कि भाजपा अपने पिछले चुनावी प्रदर्शन को पीछे छोड़ देगी। पहली बार हिंदू अपनी पहचान पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब वह संकोच महसूस नहीं होता, जो (पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल) नेहरू के समय में उन पर थोपा गया था।" हालांकि, पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, कुछ लोग सोच सकते हैं कि यह बदलाव उनकी वजह से हुआ है। हमें ऐसी चीजों को महत्व देने की जरूरत नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मोदी मैजिक जैसा कुछ है। भाजपा-आरएसएस में व्यक्ति को कोई महत्व नहीं दिया जाता है। यह कांग्रेस की संस्कृति रही है। स्वामी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ज्यादा पलटी जद (यू) अध्यक्ष के हित में नहीं होगी। उन्होंने कहा, हमेशा हमारे थे। मुझे अभी भी समझ नहीं आ रहा है कि वह हमें छोड़कर क्यों चले गए थे। वह बुद्धिमान और विद्वान व्यक्ति हैं और उन्हें समझना चाहिए कि वह हिंदू भावनाओं के खिलाफ जाने का जोखिम नहीं उठा सकते। इसलिए, उन्हें संकल्प लेना चाहिए कि वह फिर कभी भाजपा से अलग नहीं होंगे।



**आठ मार्च को मनाया जाएगा महिला सम्मान दिवस**

# तीन महीने मन की बात नहीं, मार्च में लग सकती है आचार संहिता: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को आमजन से 'मन की बात की। यह उनके मासिक रेडियो कार्यक्रम का 110वां एपिसोड था। पीएम ने बताया कि शायद मार्च महीने में आचार्य संहिता लग जाएगी। मन की बात तीन महीने के लिए रुक जाएगी। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि देश आठ मार्च को महिला सम्मान दिवस मनाएगा। महिलाओं को जब समान अवसर मिलेगा तभी देश समृद्ध होगा। कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन आज ये संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज देश का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र है जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता क्षेत्र है।



### तीन मार्च को 'विश्व वन्य जीव दिवस'

उन्होंने कहा कि 3 मार्च को 'विश्व वन्य जीव दिवस है। इस दिन को वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष वल्र्ड वाइल्ड लाइफ डे की थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार के प्रयासों से देश में बाघों की संख्या बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा के कालाहांडी में बकरी पालन, गांव के लोगों की आजीविका के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को ऊपर लाने का भी एक बड़ा माध्यम बन रहा है। इस प्रयास के पीछे जयंती महापात्रा जी और उनके पति बीरेन साहू जी का एक बड़ा फैसला है। जयंती जी और बीरेन जी ने यहां एक दिलचस्प माणिकास्तु गोट बैंक भी खोला है। वे सामुदायिक स्तर पर बकरी पालन को बढ़ावा दे रहे हैं।

### पीएम ने भोजपुर के भीम सिंह का किया जिक्र

पीएम ने बिहार के भोजपुर के भीम सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति की सीख है- परमार्थ परमो धर्म:, यानि दूसरों की मदद करना ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी भावना पर चलते हुए हमारे देश में अनगिनत लोग नि:स्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा करने में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। ऐसे ही एक व्यक्ति भीम सिंह भवेश हैं। अपने क्षेत्र के मुसहर जाति के लोगों के बीच इनके कार्यों की खूब चर्चा है। पीएम ने कहा कि अनगिनत लोगों को भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने के लिए नि:स्वार्थ प्रयास करते हुए देखना बहुत अच्छा लगता है। जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश और कर्नाटक में नागरिकों के प्रयास हर किसी को प्रेरित करते हैं। वहीं, कंटेंट क्रिएट कर रहे देश के युवाओं की आवाज आज बहुत प्रभावी बन चुकी है।

### नशे की लत छुड़ाने के लिए मोदी ने कही ये बात

पीएम मोदी ने युवाओं को नशे की लत का शिकार होने से बचाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए परिवारों के मजबूत सहयोग की जरूरत होती है। पीएम मोदी ने 'गायत्री परिवार' की ओर से आयोजित 'अश्वमेध यज्ञ' कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने आगे कहा,"मादकपदार्थ मुक्त भारत के निर्माण के लिए यह अहम है कि परिवार किसी संस्थान की भांति ही मजबूत बनें।" उन्होंने आगे कहा कि जब परिवार कमजोर होता है तो मूल्यों का क्षरण होने लगता है और फिर उसका प्रभाव व्यापक तौर पर पड़ता है। पीएम मोदी ने परिवार की अवधारणा और उसके महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जब परिजन कई दिन तक मेल मुलाकात नहीं करते तब खतरे पैदा होते हैं, इसलिए परिवारों को मजबूत होने और देश को नशा मुक्त बनाने की जरूरत है। पीएम मोदी ने नशे के दुष्परिणामों पर भी चर्चा की।

## जरूरी खबर

### यूपी: पुलिस भर्ती पेपर लीक में एक आरोपी गिरफ्तार



**लखनऊ।** यूपी पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले में कार्रवाई करते हुए एसटीएफ ने बलिया के रहने वाले नीरज यादव को गिरफ्तार कर लिया है। नीरज यादव ने व्हाट्सएप के जरिए सारे सवालों का जवाब शेयर किया था। एसटीएफ को एक और आरोपी की तलाश है, जो कि मथुरा का रहने वाला है। बता दें कि बीते शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट कर कहा था कि पेपर लीक मामले की जांच कराई जाएगी। सीएम योगी ने अपने ट्वीट में कहा था, 'आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर चयन के लिए आयोजित परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी 06 माह के भीतर ही पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिए हैं।

### सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने कहा कि यह मुठभेड़ कोयलीबेड़ा इलाके के एक जंगल में उस समय हुई जब जिला रिजर्व गार्ड और सीमा सुरक्षा बल की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से अब तक तीन नक्सलियों के शव और दो हथियार बरामद किए गए हैं और ऑपरेशन अभी भी जारी है।

### भिंड: आरएसएस कार्यालय में मिला पिन बम, जांच शुरू



**भिंड।** भिंड की रिहायशी बस्ती हनुमान बजरिया में स्थित राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) के कार्यालय में को पिन बम मिलने से खलबली मच गई। देखने में यह बम ग्रेनेड बम जैसा दिख रहा है। शनिवार रात करीब 12 बजे कार्यालय की देखरेख करने वाले स्वंयसेवक राम मोहन की सूचना पर एसपी असित यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बम की जांच शुरू की। अधिकारियों ने बम को अपने कब्जे में लिया है। बताया जा रहा है स्वंयसेवक राम मोहन को कार्यालय परिसर में झंडावंदन की जगह यह बम मिला था। इससे बच्चे खेल रहे थे। पुलिस बम को जब्त कर अपने साथ ले गई है।

## देश के सबसे लंबे केबल ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' को पीएम ने जनता को किया समर्पित



***अहमदाबाद।*** *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो दिवसीय गुजरात दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बेट द्वारका मंदिर में पूजा की और समुद्र के अंदर द्वारका नगरी के दर्शन किए। उन्होंने करोड़ों रुपए की सौगात भी दी। प्रधानमंत्री ने राजकोट से पांच शहरों के लिए एम्स का लोकार्पण भी किया। इससे पूर्व पीएम मोदी ने सुदर्शन सेतु का उद्घाटन किया। 2.5 किलोमीटर लंबाई वाला सुदर्शन सेतु पुल भारत का सबसे लंबा पुल है। सुदर्शन सेतु ओखा मेनलैंड और बेट द्वारका को जोड़ेगा। इसकी लागत करीब 980 करोड़ रुपए है। सुदर्शन सेतु पुल ओखा-बेट द्वारका सिग्नेचर ब्रिज के रूप में भी जाना जाता है। यह ब्रिज द्वारकाधीश मंदिर में आने वालों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।*

### मणिपुर के दो गांवों से मिले भारी मात्रा में हथियार



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने चूड़चंदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने शनिवार को डी. हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके से चार हथियार, मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किए। 1,200 रुपये मूल्य के नकली नोट भी जब्त किए गए। पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि एक अन्य तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चूड़चंदपुर जिले के मोलजंग गांव से 10 बंदूकें, आठ जिलेटिन की छड़ें और गोला-बारूद बरामद किया। एक अधिकारी ने कहा कि एक अन्य अभियान में, इंफाल पश्चिम जिले के कीसंपत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**आंदोलन का 13वां दिन: शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हैं किसान**

# केंद्र से वार्ता के संकेत, मांगें पूरी होने के बाद ही होगी घर वापसी

- हरियाणा में 36 खाप नेता व 72 गांवों के ग्रामीणों ने की महापंचायत

**एजेंसी** | अंबाला

किसान आंदोलन का रविवार को 13वां दिन रहा। पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे रहे। उन्होंने दिल्ली कूच का फैसला 29 फरवरी तक टाल दिया है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक वे घर वापस नहीं जाएंगे। किसान नेता सरवण पंढेर ने केंद्र से वार्ता के संकेत देते हुए कहा कि सरकार बॉर्डर और इंटरनेट खोलने का काम कर रही है। अब इस माहौल में सही से बातचीत हो सकेगी। वहीं जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसान को गोली मारने वालों पर कार्रवाई करे। पंजाब के अंदर घुसकर किसानों को उठाने, पीटने और ट्रैक्टर तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई हो। इधर रविवार को हरियाणा में 36 खाप नेता व 72 गांवों के ग्रामीणों ने महापंचायत की। उन्होंने कहा कि हरियाणा की मदद के बगैर पंजाब के किसान संगठनों का आंदोलन मजबूत नहीं होगा। पहले की तरह सभी संगठन मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में आंदोलन करें।



### हरियाणा में इंटरनेट से रोक हटी

हरियाणा के 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर लगी रोक हट गई है। अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में 11 फरवरी की सुबह 6 बजे से इंटरनेट बंद था। पंजाब के 7 जिलों के 19 पुलिस थानों के इलाकों में केंद्र सरकार की तरफ से लगाई इंटरनेट की रोक 26 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। वहीं किसानों के दिल्ली कूच को टालने के बाद 11 दिन से बंद दिल्ली के टिकरी बॉर्डर और सिंघु बॉर्डर को अस्थायी तौर पर खोल दिया गया है।

### दिल्ली पुलिस खोल रही रास्ते

दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि रविवार को यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटाया गया। यहां 24 घंटे कड़ी निगरानी के लिए पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ने उन यात्रियों के लिए दो अवरोधक हटाए जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं।

**दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती**

## सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा। 2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है।

पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा। वहीं भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।



हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें।

**कठुआ से पठानकोट की ओर 84 किमी तक चली**

## स्टार्ट कर हैंडब्रेक लगाना भूला बिना ड्राइवर के दौड़ती रही ट्रेन

**एजेंसी** | जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ रेलवे स्टेशन पर रुकी एक मालगाड़ी अचानक पठानकोट की ओर चल पड़ी। यह ट्रेन ढलान के कारण बिना ड्राइवर के चलने लगी थी, जिसके बाद बिना ड्राइवर के ट्रेन करीब 84 किलोमीटर तक दौड़ती रही।

इस घटना से रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन को पंजाब के मुकेरियां में ऊंची बस्सी के पास रोका गया। जम्मू के डिवीजनल ट्रैफिक मैनेजर का कहना है कि इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 7:10 बजे की है। जम्मू के कठुआ में ड्राइवर ने मालगाड़ी संख्या 14806 को रोका था। यहां ड्राइवर ट्रेन से उतरकर चाय पीने चला गया। इसी दौरान ट्रेन अचानक चल पड़ी और स्पीड पकड़कर दौडऩे लगी। कठुवा रेलवे स्टेशन के करीबी सूत्रों का कहना है कि मालगाड़ी कंक्रीट लेकर जा रही थी। यह कंक्रीट कठुआ से लोड किया गया था।

मामले की जानकारी रेलवे के उच्चाधिकारियों को दी गई। इसके बाद ट्रेन को रोकने के प्रयास किए गए। कई प्रयास विफल रहे। इसके बाद यात्री ट्रेनों के ड्राइवरों और कर्मचारियों ने दसूहा के पास ऊंची बस्ती इलाके में ट्रेन को रोक लिया।

**न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने की घोषणा**

## 18 नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र होंगे स्थापित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत में 13,800 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 18 नए परमाणु ऊर्जा रिएक्टर 2032 तक स्थापित करेगा। जिससे परमाणु ऊर्जा की कुल ऊर्जा में हिस्सेदारी 22480 हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पिछले सप्ताह गुजरात के काकरापार में दो घरेलू निर्मित 700 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों को समर्पित करने के बाद न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने इसकी घोषणा की थी। वर्तमान में एनपीसीआईएल 8,180 मेगावाट की कुल क्षमता वाले 24 रिएक्टर संचालित करता है। प्रधानमंत्री ने 22 फरवरी को काकरापार परमाणु ऊर्जा स्टेशन की यूनिट 3 और 4 को राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी की काकरापार यात्रा से दो दिन पहले 20 फरवरी को केएपीएस-4 को पश्चिमी पावर ग्रिड से जोड़ा गया था। एनपीसीआईएल ने कहा कि केएपीएस 3 और 4 उन्नत सुरक्षा सुविधाओं वाले सबसे बड़े स्वदेशी पीएचडब्ल्यूआर हैं। एनपीसीआईएल ने कहा कि इन रिएक्टरों को एनपीसीआईएल द्वारा डिजाइन, निर्मित, चालू और संचालित किया गया है, जिसमें उपकरणों की आपूर्ति और भारतीय उद्योगों द्वारा अनुबंधों का पालन किया गया है, जो आत्मनिर्भर की ओर बड़ा कदम है।



**सीबीआई और इंटरपोल की दो दिवसीय बैठक**

# वन्यजीव तस्करी रोकने पर हुआ मंथन, भारत के साथ आए पांच देश

- भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने बनाई योजना

**एजेंसी** | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव तस्करों की अब खैर नहीं है। आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और उनके वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने समेत कई मुद्दों पर इंटरपोल चैनलों के इस्तेमाल करने पर भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने योजना बनाई है। विदेशी प्रजातियों की तस्करी को रोकने के लिए आयोजित सीबीआई और इंटरपोल की दो दिवसीय क्षेत्रीय जांच और विश्लेषणात्मक मामले की बैठक(आरआईएसीएम) के दौरान विदेशी वन्य जीवों के तस्करों द्वारा इस्तेमामल किए जाने वाले तौर-तरीकों पर विचार विमर्श किया गया। अधिकारियों ने कहा कि हमें पता चला है कि अफ्रीका से दक्षिण पूर्व एशिया और फिर भारत और चीन तक विदेशी वन्यजीवों की तस्करी के लिए हवाई कार्गो का तस्कर इस्तेमाल करते हैं।



### वन्यजीव तस्करी को रोकने के लिए उठाए कदम

मलेशिया और इंडोनेशिया से थाईलैंड और म्यांमार के साथ भूमि सीमाओं के माध्यम से चीन तक, मलेशिया से सांप, कछुए और इगुआना जैसे सरीसृपों को थाईलैंड और फिर भारत ले जाया जाता है। उन्होंने कहा, म्यांमार के साथ भूमि सीमाओं का इस्तेमाल करके थाईलैंड से भारत तक ये खेल चलता है। अधिकारियों ने कहा कि 2022 में कई एजेंसियों द्वारा भारत में हूलॉक गिब्बन, विदेशी कछुए, छिपकली, ऊदबिलाव, मूर मैकक्वेस, बौना नेवला, पिग्मी मार्मोसेट, डस्की लीफ बंदर और बॉल अजगर समेत 50 से अधिक प्रजातियों के वन्यजीवों को जब्त किया गया था।



### बैठक में कई देशों के अधिकारियों ने लिया हिस्सा

बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और राजस्व खुफिया निदेशालय के अलावा सीबीआई के अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरान चर्चा में अधिकारियों ने कहा कि एयरपोर्ट्स पर लगातार निगरानी के चलते भारत में विदेशी वन्यजीवों की तस्करी को रोका गया है। बैठक में भारत और चार अन्य देशों ने इंटरपोल चैनलों का इस्तेमाल करके वन्यजीव तस्करों पर समन्वित कार्रवाई की योजना बनाई है। सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद ने बैठक में विदेशी प्रजातियों की तस्करी को गंभीर खतरा बताया था और कानूनी ढांचे, प्रवर्तन तंत्र, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सामुदायिक भागीदारी के जरिए उनकी संरक्षण और सुरक्षा का आह्वान किया था।

## फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन की मैंबर्स आईं रैंप पर

# लेडीज ने दिखाया अपना टैलेंट

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर लेडीज ने घर और ऑफिस से निकलकर अपना टैलेंट दर्शाया तो नारी शक्ति की जय हुई। ये थीं फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन की मैंबर्स, जिन्होंने 'ए फैशन वॉक टू रिमेंबर' में टैलेंट दर्शाया। कारीगरों और हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए ट्राइफेड और हथकरघा विकास निगम के सहयोग से नारीत्व का जश्न मनाने और फ्लो सदस्यों को सशक्त बनाने का कार्यक्रम रहा।





### परिवार के सदस्य आए रैंप पर

चेयरपर्सन नेहा ढड्ढा माताओं, सास और बेटियों को एक साथ एक मंच पर लाईं। इसमें भावनाएं और सशक्तिकरण दोनों साथ दिखाई दिया। उन्होंने कहा, कि यह इवेंट मेरा ड्रीम इवेंट है। मैंने और मेरी टीम ने इसके लिए मेहनत की है। कार्यक्रम एक ही छत के नीचे समृद्ध विरासत, नारीत्व, हथकरघा, लोककथाओं और एफएलओ सदस्यों का एक समामेलन है।

### लेटेस्ट डिजाइन आई सामने

कार्यक्रम में जयपुर के परिधान और आभूषण उद्योग के प्रीमियम, प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली डिजाइन सामने आए। फिक्की फ्लो वोकल फॉर लोकल में विश्वास करता है। इस दौरान विशेष चुने हुए पॉप शो में कृतियों को प्रदर्शित किया गया। फैशन शो में 80-100 सदस्य शामिल हुईं।





### पॉप-अप शो रहा खास

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए एक विशेष पॉप-अप शो का आयोजन किया गया, जिसमें डिजाइनर परिधान, आभूषण, चांदी के बर्तन का प्रदर्शन किया गया। शो की शुरुआत करते हुए पूर्व अध्यक्षों को हैंडलूम साड़ियों में एक साथ रैंप पर चलते देख सदस्य रोमांचित हो गए। शुरुआती वॉक के बाद सदस्यों के बच्चों ने छोटे कदमों से बालिका शक्ति का प्रदर्शन किया। शो में लेडीज ने शक्ति, ख्वाब, सुकून, नूर, परछाई, आंचल, हुनर, राबता, दुआ आदि जैसे नारीत्व के खूबसूरत पहलुओं को अपनाते हुए जश्न मनाया।

## प्रतीक चिह्न का अनावरण



**बेधड़क. जयपुर।** भारत में सनातन संस्कृति की जड़ें मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित सनातन भारत संघ के प्रतीक चिह्न का अनावरण रविवार को होटल रॉयल आर्किड में आयोजित भव्य समारोह में किया गया। आनंद धाम के संस्थापक पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय आध्यात्म गुरु रितेश्वर जी महाराज के परम सान्निध्य में संपन्न हुए इस समारोह में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक रोहित तिवारी ने बताया कि दीप प्रज्वलन के बाद रितेश्वर जी महाराज का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर सनातन भारत संघ के लोगो का अनावरण किया। समारोह में सनातन संस्कृति के अग्रिम ध्वजवाहक बालमुकुन्दाचार्य, ज्योतिषविद् मुकेश भारद्वाज, वीपीवी युग्त मूर्ति, शिवराज माधवन, अमरेंद्र सिंह (काका), करुणेश मानक शुक्ला सहित 18 विभूतियों को सनातन भारत रत्न सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही महिला मोर्चा हरियाणा की प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी, सुमन सिंह, सरोज कुल्हारी, सीमा राठौड़, शीला शेखावत, साध्वी वैष्णी, अल्पा बत्रा, अनुराधा माहेश्वरी एवं महिला कांस्टेबल मेनका कुमारी को नारी शक्ति सम्मान दिया गया।

## नेत्रदान के लिए किया जागरूक



**बेधड़क. जयपुर।** नेत्रदान के प्रति आमजन को प्रेरित और प्रोत्साहित कर जरूरतमंद व्यक्तियों को कॉर्निया उपलब्ध कराकर उनके जीवन मे रोशनी लाई जा सकती है। इन विचारों के साथ नेत्रदान महादान के वाक्य को सार्थक करते हुए जयपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पन्त भट्टारकजी की नसिया सभागार में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान द्वारा आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित किया। आमजन को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर कॉर्निया उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने ऑर्गन डोनेशन के बारे में बनाए पोर्टल के बारे में जानकारी दी। पोर्टल पर सरल प्रक्रिया से ऑर्गन डोनेशन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कैडेबर कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया सरल है। इस अवसर पर नेत्रदानी परिवार सम्मान के साथ ही आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान में योगदान देने वालो सम्मान दिया गया। अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस बी. एल. शर्मा ने बताया कि वर्ष 2002 में इसकी स्थापना की गई। अब तक 24 हजार नेत्रदान कराकर 14 हजार का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। सोसायटी द्वारा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है और इसी का परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के बराबर 65 प्रतिशत कॉर्निया काम में लिया जा रहा है।

## City इवेंट्स

### मॉडल्स ने पेश किया कॉकटेल कलेक्शन



**बेधड़क, जयपुर।** रंग-बिरंगी लाइटों की रोशनी के बीच डीजे विशाल के कॉम्बिनेशन में चले हाई वोल्ट म्यूजिक की धुनों पर कैटवॉक करती मॉडल्स ने दिलकश अदाओं के साथ कॉकटेल पार्टीवियर कलेक्शन पेश किया। अवसर था होटल रॉकलैंड में प्री-लुक लॉन्च सेरेमनी 'बूज अप इन फैशन' का। पिंक कॉन्सेप्ट्स की ओर से 10 मार्च को आयोजित की जाने वाली 'वन नाइट फैशन सीकवेंसेज एंड अवॉर्ड फेलिसिटेशन' की कड़ी में प्री लुक लॉन्च हुआ। कार्यक्रम में 25 मॉडल्स ने जैसवानी का शॉर्ट वन पीस और लॉन्ग कॉकटेल पार्टी ड्रेसेस का लेटेस्ट कलेक्शन शोकेस किया। इस मौके पर पिंक कॉन्सेप्ट्स डायरेक्टर अमन, एचकेटी परफ्यूम्स डायरेक्टर हरीश टहिलयानी, वैश्वी मल्टीवेंचर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपक कुमार, जलसा इवेंट्स से मैडी, बॉलीवुड फैशन डिजाइनर संजय शर्मा, विशाल गोयल, लोकेंद्र प्रताप सोलंकी मौजूद थे।

### नाटक में कलाकारों ने दिए कई संदेश

**बेधड़क, जयपुर।** नाटक "टोबा टेक सिंह उर्फ रिश्तों को क्या नाम दें" में कलाकारों ने कई मैसेज दिए। मौका था इप्टा की ओर से दो दिवसीय नाटकों के मंचन का, जिसमें हुए नाटक में कहानीकार सआदत हसन मंटो द्वारा लिखित रचना रही। कहानी का नाट्य रूपांतरण डॉ. आत्मजीत ने किया। इस नाटक की कहानी सन 1947 से शुरू होती है। हिंदुस्तान के दो टुकड़े हो जाते हैं और हजारों बेगुनाह लोग मारे जाते हैं। इधर से उधर लाखों लोग अपनी जान बचाने के लिए मूल जगह से पलायन कर जाते हैं। उस समय संप्रदाय तनाव चरम सीमा पर था। पाकिस्तान धर्म के नाम पर अलग देश बन चुका था।



### "राह" के लिए किया गया पोस्टर लॉन्च



**बेधड़क, जयपुर।** व्हाइटबुक यूथ फाउंडेशन की ओर से शुरू किए जा रहे "राह" कार्यक्रम और 1 मार्च को खासा कोठी में होने वाले रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन विधायक गोपाल शर्मा ने किया। व्हाइटबुक फाउंडर नितेश शर्मा ने बताया, कि राह कार्यक्रम कई एंट्रेंस एग्जाम में बच्चों की हेल्प के लिए कई केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। साथ ही 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स लिए सरकारी स्कूलों में कॅरियर काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विमोचन में मंदीप सिंह, राहुल शर्मा, रविन्द्र भाटी मौजूद रहे।

## JKK सुकृति आर्ट गैलरी में चार दिवसीय एग्जीबिशन

# जयपुर में कॉफी पेंटिंग्स में उकेरे जीवन के मनोभाव



**बेधड़क | जयपुर**

कैनवास पर कॉफी पेंटिंग करने वाली भारत की पहली कंटेंपरेरी पेंटिंग आर्टिस्ट निधि भारती की ओर से जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलरी में 4 दिवसीय 'नेचर्स कोर्ड' एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कॉफी में प्रकृति के रंगों को समेटे पेंटिंग्स को कला प्रेमियों ने सराहा। आर्टिस्ट ने 100 रिच कलेक्शन में से 40 बेहतरीन पेंटिंग्स में मनोभाव को कूंची से उकेर कर अभिव्यक्ति का संजीदा चित्रण किया। पेंटिंग्स में जीवन के अनुभव, भावना और प्यार का नेचर से सीधा कनेक्शन दिखाई दिया। आर्टिस्ट ने कूंची से मेडिटेशन के शांत भाव को दर्शाया। निधि भारती ने कॉफी व ऑयल फ्यूजन से प्रकृति और मनोभावों का उम्दा चित्रण किया। वॉटर फॉल पेंटिंग में कूंची के माध्यम से टूटे हुए पेड़ व पहाड़ के ऊपर से तीन फ्लो में गिरते हुए वाटरफॉल को जीवन से जोड़ा है।

निधि ने बताया, कि जिस प्रकार हमारे जीवन में भावना, गुस्सा, प्रेम और एंजायटी होती है। हम किसी पर चीखना-चिल्लाना चाहते हैं। अगर यह सब भाव तीन फ्लो में गिरते वॉटर फॉल की तरह हो तो जीवन के रंग ही अलग होंगे। वहीं लैंड स्केप पेंटिंग में एकदम शांत भाव के साथ दो चिड़िया बैठी है। उन्होंने जापानीज वुड पेंटिंग में जापान के कल्चर को दिखाने की कोशिश की। इसमें वहां के गांव, लैंडस्केप, नदी और शांत वातावरण का मनमोहक दृश्य दिखाई दे रहा है। साथ ही कन्वर्सेशन ऑफ लव, म्हारो राजस्थान आकर्षण का केंद्र रहा।

## जयपुर के संस्कार क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ फाइनल मैच

# न्यायिक अधिकारी इलेवन को 88 रनों से दी शिकस्त



**बेधड़क | जयपुर**

क्रिकेट की बात आई तो हर किसी ने दमखम दिखाया। मौका था जयपुर के संस्कार क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए आरके यादव व रवि यादव टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दी बार एसोसिएशन जयपुर रेड और न्यायिक अधिकारी इलेवन के बीच मुकाबला का।

पहले खेलते हुए दी बार एसोसिएशन जयपुर रेड टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 222 रन बनाए और रनों का पीछा करने उतरी न्यायिक अधिकारी इलेवन टीम निर्धारित ओवरों में मात्र 134 रन ही बना सकी।

दी बार एसोसिएशन जयपुर सेक्रेटरी राजकुमार शर्मा ने बताया कि दी बार एसोसिएशन जयपुर की टीम ने अधिवक्ता अमित छंगाणी की कप्तानी में न्यायिक अधिकारी इलेवन को 88 रन से हराया। दी बार एसोसिएशन की टीम ने पहले खेलते हुए कप्तान अमित छंगाणी 34 गेंद पर 60 रन एवं समीर खान की 58 रन की पारी की बदौलत 20 ओवर मैं 7 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए। जवाब में रनों का पीछा करने उतरी न्यायिक अधिकारी इलेवन टीम केवल 134 रन ही बना सकी।

दी बार एसोसिएशन जयपुर के गेंदबाज आमिर खान शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट हासिल किए जिसकी बदौलत न्यायिक अधिकारी इलेवन को 88 रन से हार का सामना करना पड़ा। फाइनल मुकाबले उम्दा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज आमिर खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**आस्था** | श्रीअमरापुरा स्थान पर चेटीचंड कार्यक्रमों के तहत हुआ आयोजन

# संत मंडली के सान्निध्य में फहराई गई धर्म ध्वजा

**बेधड़क | जयपुर**

सिंधी समाज के आस्था केंद्र श्रीअमरापुरा स्थान पर चेटीचंड कार्यक्रमों के तहत संत मंडली के सानिध्य में धर्म ध्वजा फहराई गई। श्रीअमरापुर स्थान के व्यवस्थापक संत मोनू रामजी महाराज, स्वामी मनोहर लाल महाराज और संत मंडली द्वारा धर्म ध्वजा की विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री झूलेलाल व सतगुरु महाराज के समक्ष प्रार्थना की गई। भक्तों ने जयकारों के साथ भक्तिभाव बढ़ाया। साथ ही गुरुओं का सम्मान किया गया और सभी भक्तों ने मिलकर कार्यक्रम में सौहार्द फैलाया।



### संत बोले-हमें सारे काम मिलजुल कर करने चाहिए

कार्यक्रम में संतों ने कहा, कि संगठन में शक्ति होती है। इसीलिए हमें सारे काम मिलजुल कर करने चाहिए। मिलजुल कर कार्य करने से समाज में एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत होता है और समाज सदैव आगे बढ़ता है। स्वामी मनोहर लाल महाराज द्वारा गुरु महाराज के समक्ष पल्लव प्रार्थना कर अध्यक्ष अशोक सेवानी, महासचिव शंकर दुलानी, कोषाध्यक्ष प्रेम कुंदनानी सहित अन्य सभी को सेवा कार्य के लिए आशीर्वाद दिया। उनके अनुसार शास्त्रों में सनातन परम्परा के तहत ध्वजा को संस्कृति का अंग विजयी होने और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। ध्वजा में उगते हुए सूर्य देव की रश्मियां समाहित होती हैं, जो निराशा को दूर कर व्यक्ति के जीवन में निर्भयता का संचार करती हैं। ध्वजा के 3 कोण शरीर, मन और आत्मा को दर्शाते हैं। प्रवक्ता तुलसी संगतानी ने बताया, कि इस अवसर पर पंचांग का विमोचन भी हुआ, जिसे गुरुओं को दिया गया। कार्यक्रम में संयोजक महेश हरदासानी, हितेश आडवाणी, हरीश असरानी, बी. डी. टेकवानी, मोहन नानकानी, जय प्रकाश बूलचंदानी, छबल दास, गोबिंद रामनानी, जवाहर बालानी, मनोज ठाकवानी, हेमंत ठारवानी, नरेश लालवानी, जुमड़ो मल, प्रदीप मेठवानी, राकेश कृपलानी, मनोज भंभानी सहित सैंकड़ों समाजबंधु उपस्थित थे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 26 फरवरी, 2024




संकट में मनुष्य को वास्तु दोष, पितृ दोष, शनि दोष सब याद आ जाते हैं, लेकिन अपने दोष दिखाई नहीं देते हैं।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## मिडिल ईस्ट में बढ़ी टेंशन: अमेरिका-ब्रिटेन का विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अटैक

# यमन में हूतियों के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले



**एजेंसी** | वॉशिंगटन

इजराइल और हमास में जंग के बीच यमन पर अमेरिका और ब्रिटेन लगातार मिलकर हमले कर रहे हैं। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर हमले किए। ईरान समर्थित स्थानीय लड़ाकों के लाल सागर और अदन की खाड़ी में पोतों पर हाल में बढ़ते हमलों के जवाब में ये हमले किए गए हैं।

हूती विद्रोहियों ने पिछले सप्ताह एक मिसाइल हमला किया था, जिसके कारण एक मालवाहक पोत में आग लग गई थी। अमेरिकी अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि अमेरिका और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों ने मिसाइल, लॉन्चर, रॉकेट, ड्रोन और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाते हुए आठ स्थानों पर हमले किए। यह चौथी बार है जब अमेरिका और ब्रिटेन की सेनाओं ने 12 जनवरी के बाद से हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया है।



### हमले बंद नहीं किए तो भुगतने होंगे परिणाम

अमेरिका हूती विद्रोहियों पर लगभग रोजाना हमले कर रहा हैं। अधिकारियों ने बताया कि 'यूएस एफ/ए-18' लड़ाकू विमानों को यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहॉवर विमानवाहक पोत से प्रक्षेपित किया गया। यह पोत इस समय लाल सागर में है। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि अमेरिका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण जलमार्गों में शामिल लाल सागर में जीवन और वाणिज्य के मुक्त प्रवाह की रक्षा के लिए आवश्यकतानुसार कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेगा। हम हूती विद्रोहियों को यह स्पष्ट करते रहेंगे कि यदि उन्होंने अपने अनुचित हमले बंद नहीं किए तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। हूती विद्रोहियों ने अमेरिका और ब्रिटेन की आक्रामकता की निंदा की और इसके जवाब में सैन्य अभियान चलाते रहने का संकल्प लिया।

## यूक्रेन का दावा- पुतिन और किम मिलकर रच रहे हैं बड़ी साजिश

# किम की अमेरिका से नफरत यूक्रेन पर पड़ेगी भारी

**एजेंसी** | मॉस्को/ कीव

यूक्रेन और रूस के बीच महायुद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर चुका है। 24 फरवरी, 2022 के दिन रूसी सेना ने पूरी ताकत से यूक्रेन की धरती पर हमला बोल दिया था। चार गुना ज्यादा सैन्य बल के बावजूद रूसी सेना यूक्रेन को मात नहीं दे पाई, क्योंकि उसके पीछे अमेरिका और पूरी पश्चिम देशों की ताकत है। इस बीच कीव ने बड़ा दावा किया है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन मिलकर उसके खिलाफ बड़ी साजिश रच रहे हैं। मकसद यूक्रेन को नक्शे से ही मिटाने का है। उत्तरी कोरिया ने रूस को ऐसी घातक मिसाइलें दी हैं, जो यूक्रेनी शहरों को पलभर में तबाह कर सकते हैं। अमेरिका ने भी यूक्रेन के दावे पर चिंता जताई है।

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसबीयू) ने नया दावा करते हुए सनसनी मचा दी है कि रूस ने दिसंबर के अंत से यूक्रेन पर हमलों में कम से कम 20 उत्तर कोरियाई बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। आशंका जताई है कि पुतिन और उत्तरी कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के बीच डील हो गई है, जिसमें यूक्रेन को और अधिक मार देने की प्लानिंग तैयार हो गई है।



### यूक्रेन के दो बड़े शहरों पर पुतिन का कब्जा

24 फरवरी 2022 से जारी इस महायुद्ध में जहां पुतिन के पास अनगिनत सैन्य क्षमता और अकूत संपति है। वहीं, यूक्रेन सीमित संसाधनों के साथ इस जंग में अमेरिका और पश्चिम की मदद से मजबूती से खड़ा है। हालांकि हाल ही के कुछ महीनों में रूस ने इस युद्ध में अप्रत्याशित रूप से जीत हासिल की है, यूक्रेन के दो बड़े शहरों पर उसने कब्जा कर लिया है।

### अमेरिका और यूक्रेन काफी चिंतित

पुतिन का साथ देने के लिए किम इसलिए तैयार हो गए हैं क्योंकि अमेरिका और पश्चिम देश यूक्रेन का साथ दे रहे हैं और किम अमेरिका पर दक्षिण कोरिया और जपान को मदद के आरोप लगाता रहा है। किम कई बार खुले तौर अमेरिका को सबसे बड़ा दुश्मन भी बता चुके हैं। किम के भी जंग में सीधे तौर पर उतरने से इस युद्ध के तीसरे साल में महायुद्ध बनने के पूरे आसार हैं, जिसे लेकर अमेरिका और यूक्रेन दोनों काफी चिंतित हैं। यूक्रेन में जांचकर्ताओं का दावा है कि रूस द्वारा दागी गई ह्वासोंग-11 मिसाइलें - जिन्हें केएन-23 और केएन-24 के नाम से भी जाना जाता है - ने यूक्रेन में कम से कम 24 नागरिकों की जान ले ली है और कम से कम 100 घायल हो गए हैं। एसबीयू ने केएन-23 बैलिस्टिक मिसाइल जैसा दिखने वाला मलबा भी बरामद किया है। इससे इस बात की पुष्टि हो गई है कि उत्तरी कोरिया इस जंग में पुतिन का साथ दे रहा है। एसबीयू ने कहा कि रूस ने पहली बार उत्तर कोरियाई मिसाइलों का इस्तेमाल 30 दिसंबर 2023 को यूक्रेन के दक्षिणपूर्वी जापोरीजिया क्षेत्र में गोलाबारी के दौरान दर्ज किया था। इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरियाई मिसाइलों से अगला हमला जनवरी की शुरुआत में कीव में दर्ज किया गया था। सुरक्षा सेवा के अनुसार, कीव में एक अपार्टमेंट इमारत के चार निवासियों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रूसियों ने फरवरी में डोनेट्स्क क्षेत्र में पांच गांवों पर गोलाबारी करने के लिए उत्तर कोरियाई मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया, जिसमें 17 नागरिक मारे गए।

## रूसी सेना में सिक्योरिटी हेल्पर के तौर पर हुआ था भर्ती

# यूक्रेन के मिसाइल हमले में भारतीय की मौत

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस में 23 साल के एक भारतीय की मिसाइल हमले मौत हो गई है। 23 साल का ये युवक गुजरात का रहने वाला था और सिक्योरिटी हेल्पर के तौर रूसी सेना में शामिल हुआ था। हमले से बचकर निकले एक अन्य भारतीय कर्मचारी ने बताया कि 21 फरवरी को यूक्रेनी



हवाई हमले में रूसी सेना द्वारा सुरक्षा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया गुजरात का 23 वर्षीय व्यक्ति मारा गया। उसको रूस-यूक्रेन सीमा पर डोनेट्स्क क्षेत्र में तैनात किया गया था। उसको फायरिंग करने की ट्रेनिंग दी जा रही थी, उसी समय मिसाइल से हमला हुआ हमले में युवक की जान चली गई। रिपोर्ट के मुताबिक, सूरत जिले का निवासी हेमिल अश्विनभाई मंगुकिया दिसंबर 2023 में रूस गया थे और बाद में रूसी सेना से जुड़ गया। इस महीने की शुरुआत में हेमिल के पिता की ओर से भारतीय वाणिज्य दूतावास को पत्र लिखकर उसे घर वापस लाने में मदद मांगी गई थी। रूसी सेना के साथ अनुबंध पर कई अन्य भारतीयों ने भी दूतावास से संपर्क किया है।




## नए मिशन का प्लान

# इसरो अब मंगल पर भेजेगा हेलिकॉप्टर

**एजेंसी** | वाशिंगटन

भारत के अगले मंगल मिशन में एक हेलिकॉप्टर भी शामिल हो सकता है जो नासा के इनजेनिटी ड्रोन के नक्शे कदम पर चलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इस पर फिलहाल इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट पर काम रहा है। इसरो मंगल ग्रह पर एक लैंडर के साथ हेलिकॉप्टर भेजने की योजना बना रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंगल की सतह पर उतरने के बाद लैंडर एक रोवर के साथ-साथ एक रोटोकॉप्टर भी उतारेगा। इसरो मंगल ग्रह पर जो हेलिकॉप्टर भेजने की योजना बना रही है, वह नासा के इनजेनिटी क्वाडकॉप्टर की तरह ही होगा। इनजेनिटी ने तीन साल तक मंगल ग्रह पर 72 उड़ानें भरते हुए 18 किमी की यात्रा की। इसरो का ये हेलिकॉप्टर अभी वैचारिक चरण में है। इसमें तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, पवन गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर, ट्रेस और धूल सेंसर जैसे कई उपकरण कैसे काम करेंगे, इस पर विचार किया जा रहा है।



**2013 में पहली बार मंगल पर भेजा था यान:** मिशन मंगल ग्रह के मौसम के पैटर्न और ग्रह की ऐतिहासिक जलवायु के बारे में हमारी समझ को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करेगा। यह जानकारी भविष्य की स्थितियों और संभावित खतरों के पूर्वानुमान के साथ-साथ आगामी अन्वेषण मिशनों की रणनीतिक योजना में सहायता के लिए आवश्यक है। इससे पहले 2013 में इसरो अपने मार्स ऑर्बिटर मिशन के साथ मंगल की कक्षा में सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान भेजने वाली चौथी अंतरिक्ष एजेंसी बन गई थी। ये मंगल ग्रह पर भारत का पहला अंतरग्रहीय मिशन था। इसे 5 नवंबर, 2013 को PSLV-C25 से लॉन्च किया गया था।

**हेलिकॉप्टर करेगा खोज:** मंगल ग्रह के वातावरण की रूपरेखा तैयार करने के लिए हेलिकॉप्टर के मंगल ग्रह में 100 मीटर तक ऊंची उड़ान भरने की उम्मीद है। ड्रोन को मार्टियन बाउंड्री लेयर एक्सप्लोरर (मार्बल) नाम के उपकरण सूट से सुसज्जित किया गया है, जिसे मंगल ग्रह के हवाई अन्वेषण के लिए डिजाइन किया गया है। ये ड्रोन वायुमंडलीय कारकों की ऊर्ध्वाधर प्रोफाइलिंग करेगा और मंगल की निकट-सतह सीमा परतों के भीतर-सीटू माप करेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl